हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025



## खबर संक्षेप



### स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव आज

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सासाहोली में शाला प्रबंध एवं विकास समिति की बैठक अध्यक्ष रानी सौरभ जैन के नेतृत्व में आहूत की गई। बैठक में कई निर्णय लिए गए, शाला प्रवेशोत्सव के साथ साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी कराया जाएगा। विद्यालय में मानसेवी शिक्षक भी नियुक्त किया जाएगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष रानी सौरभ जैन, सदस्य ईश्वर, गयाकवन बंजारे, सौरभ जैन, अमरजीत पासवान, जानकी डांडे आदि उपस्थित थे।

### मुस्कान को नीट में ऑल इंडिया रैंक 2798 मिला

**आरंग।** राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने स्नातक मेडिकल



पाठ्यक्रमों में एडमिशन से जुड़ी परीक्षा नीट यूजी 2025 के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है। जिसमे नगर की प्रतिभवान छात्रा मुस्कान देवांगन को 98.90 पर्सेंटाइल प्राप्त हुआ। उसे ऑल इंडिया रैंक 2798 कैटेगरी रैंक 423 प्राप्त हुआ। मुस्कान कक्षा 12 वी गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंग से उत्तीर्ण की और फिजिक्स वाला से ऑनलाइन कोचिंग कर नीट यूजी तैयारी की मुस्कान ने पहले से कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) क्वालीफाई कर चुकी है।

**घपला : शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली फिर कठघरे में**

# निःशुल्क स्कूली किताबें बेचने की कोशिश वीडियो वायरलः शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ का शिक्षा विभाग एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सुर्खियों में है। राजधानी रायपुर से सटे धरसींवा ब्लॉक के साकरा स्थित उद्योग नगर के स्कूल में निःशुल्क वितरण के लिए आई किताबों को गुपचुप तरीके से कबाड़ियों को बेचने की कोशिश का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने स्कूल समन्वयक पूर्णिमा वर्मा को रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसके बाद घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को साकरा स्कूल की संकुल समन्वयक पूर्णिमा वर्मा द्वारा कबाड़ियों को स्कूल बुलाया गया था और वे निःशुल्क बांटी जाने वाली, पिछले सत्र की बची हुई किताबों को बेचने की फिराक में थीं। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने उन्हें देख लिया और मौके पर ही पकड़कर इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब साझा किया जा रहा है, जिसने शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। यह पहला मौका नहीं है जब इस तरह की घटना सामने आई है। पिछले सत्र में भी रायपुर से आई मुफ्त किताबों को सिलयारी स्थित एक उद्योग में बेच दिया गया था। उस समय भी इस मामले ने काफी तूल पकड़ा था और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया था।

- साकरा में मुफ्त किताबें कबाड़ियों को बेचते पकड़ी गईं समन्वयक, वीडियो वायरल
- शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल, जांच की मांग
- मुफ्त किताबों की दुर्गति : ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अनभिज्ञता ने बढ़ाई चिंता









### ब्लाक शिक्षा अधिकारी किताब आबंटन की हैं प्रभारी

यहां यह बताना आवश्यक होगा कि प्रभारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वंदना शुक्ला ही सरकारी स्कूलों में किताब वितरण की प्रभारी हैं। उनके पास पुरानी किताबों के बचे हुए स्टॉक का डेटा होना चाहिए, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वह खुद इस घटना से अनभिज्ञता जता रही हैं। सरकारी स्कूलों में बच्चों को मुफ्त मिलने वाली किताबों की ऐसी दुर्गति और जिम्मेदार अधिकारी की अनभिज्ञता, पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े करती है। संकुल समन्वयक पूर्णिमा वर्मा को कबाड़ियों के साथ रंगे हाथों पकड़ा जाना अब एक बड़ा जांच का विषय बन गया है। अब सवाल यह उठता है कि जब स्वयं स्कूल समन्वयक ही इस तरह के कृत्यों में संलिप्त पाए जा रहे हैं, तो ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य स्कूलों का क्या हाल होगा? यह घटना शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है और प्रदेश में शिक्षा के गिरते स्तर को उजागर करती है।

### मामले को दबाने का प्रयास

बता दे कि खबर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गई है। हालांकि, सूत्रों की मानें तो विभाग इस मामले को लेकर लीपापोती करने में जुट गया है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया जा सकता है। यह घटना छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को दर्शाता है। सरकार और शिक्षा विभाग को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए न केवल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, बल्कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की भी आवश्यकता है।

### जांच होगी

साकरा स्कूल में संकुल समन्वयक द्वारा सरकारी किताबों के बेचने का मामला सोशल मीडिया सहित मीडिया के माध्यम से पता चला है निश्चित रूप से यह गैर कानूनी है मैं जल्द ही इसका जांच करवाता हूं।

**विजय खंडेलवाल**
जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर
छग शासन

### ग्रामीणों की सक्रियता से खुला भेद

ग्रामीणों की सूचना पर जब मैं स्कूल आया तब स्कूल की महिला शिक्षक व संकुल समन्वयक शनिवार को अकेले ही स्कूल आये व कबाड़ीयों को साथ लाये थे और किताबों को बेचने की कोशिश कर रहे थे पर ग्रामीणों के सक्रियता से पकड़ी गई है अब यह विभागीय जांच का विषय है।

**नोहर वर्मा**
अध्यक्ष शाला विकास समिति
ग्राम पंचायताकरा ( धरसींवा)

### जानकारी मिली

पिछले सत्र की बची हुई किताबों को बेचने का अधिकार किसी भी संकुल समन्वयक को नही है मुझे भी यह जानकारी मिली है जल्द ही एक जांच कमेटी की गठन कर जांच करेंगे व सत्यता पाई गई तो विभाग से नियमानुसार कार्यवाही होगी।

**वंदना शुक्ला**
प्रभारी ब्लाक शिक्षा
अधिकारी

## फाइनल में तुलसी फालकॉउंस ने दिखाया दम, जीती ट्रॉफी



**मंदिर हसौद।** ग्राम पंचायत तुलसी में प्रतिभा को अवसर देने ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट मैच तुलसी प्रीमियर लीग सीजन 1 का आयोजन किया गया। जिससे गांव के बच्चों युवाओं को अपने प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। जिससे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मैच पर भी गांव के युवा पहुंच सके, जहां तुलसी प्रीमियर लीग सीजन 1 का शुभारंभ तुलसी प्रीमियर लीग मैच 3 जून से 15 जून तक चलेगा। जहां विभिन्न गांव के टीम ने हिस्सा लिए वही 15 जून को तुलसी प्रीमियर लीग सीजन 1 के फाइनल मैच तुलसी रॉयल वर्सेस तुलसी फालकॉउंस के बीच खेला गया। जिसमें तुलसी फालकॉउंस ने फाइनल मैच जीता। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत तुलसी के सरपंच सुरेश कुमार धीवर विशेष अतिथि उपसरपंच टामेश बघेल, पूर्व सरपंच टूमनलाल धीवर, पंचगण, प्रमोद साहू एवम ग्राम तुलसी के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। मैच के बाद मुख्य अतिथि ने फाइनल विजेता टीम को प्रथम पुरूस्कार राशि 11500 रुपये एवं कप तथा दूसरा स्थान आने वाले टीम को 5500 रुपये व कप तृतीय एवम चतुर्थ स्थान को कप देकर पुरूस्कृत किया गया। ततपश्चात सरपंच सुरेश कुमार धीवर के द्वारा युवाओं को जीत के लिए बधाई दिए तथा जीत के लिए टीम वर्क के महत्व के बारे में बताया वही खेल के प्रति समपर्ण को देखते हुए गांव में खेल मैदान आरक्षित कराने का बात कही और खेल को मिनी स्टेडियम की मांग कर जल्द से जल्द पूरा करने की बात कहा ।


## अभनपुर में मंडल स्तरीय संकल्प सभा सम्पन्न कार्यकर्ताओं ने निभाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में भाजपा कार्यालय अभनपुर में आयोजित मंडल स्तरीय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है विकसित भारत के अमृत काल में भाजपा संगठन द्वारा अलग-अलग स्तर पर वृहद अभियान चलाकर संकल्प सभा के साथ-साथ अन्य कार्यक्रम में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा सेवा और सुशासन के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का सफल क्रियान्वयन भी हो रहा है जिसमें अंत्योदय की परिकल्पना के अनुसार अंतिम छोर के व्यक्ति को आर्थिक तौर पर सक्षम बनाने तथा महिला केंद्रित योजनाओं से महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक प्रयास हो रहा है। इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम का प्रस्तावना रखा गया। मंच संचालन पूर्व जनपद सदस्य सूरज लाल साहू द्वारा तथा आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष भरत बैस द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को विकसित भारत में अपनी जवाबदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया तथा अहमदाबाद विमान हादसे में मृत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, राघवेंद्र साहू, प्रदीप शर्मा, संतराम साहू, गौरव शर्मा, संगीता शर्मा, ज्ञानप्रकाश चंद्राकर, रूपनारायण साहू, कचरू लाल भट्टर, रानू शर्मा, शारदा साहू, मीना साहू, धनेश्वर साहू, विजय सिन्हा, रोहित कुर्रे, दीपक राजा दीवान, उत्तम साहू, गौतम तारक, समीर यदु, वरुण राठी, लक्ष्मीकांत ठाकुर, दीनानाथ साहू, रामकुमार साहू, राजाराम पाल, रामकुमार पटेल, दीनू साहू, देवाराम साहू, गब्बू ध्रुव, शेष कुमार साहू, किशन सिन्हा, मानसिंह ध्रुव, राजा बैस, झड़ी राम पटेल, खुशवंत सिन्हा, मदन गिलहरे, दिनेश साहू, नरेश सिन्हा, राधेश्याम तारक, हेमंत तारक, हरिनारायण सिन्हा, मुकेश साहू, हिरासिंग भारती, बलराम तारक, चिंटू धीवर, विनोद चंद्राकर, लुकेश साहू, बुद्धेश्वर साहू व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में महिला की मौत ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप





**तिल्दा-नेवरा।** टंडवा के पास में रोड में एक्सीडेंट महिला की मौत। विगत रात्रि तिल्दा किरना मुख्य मार्ग पर टंडवा के पास सड़क दुर्घटना में एक दोपहिया वाहन में सवार महिला की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति घायल हो गया। इस मार्ग पर तिल्दा से धरसीवां की तरफ सड़क किनारे पानी ले जाने पाइप लाइन बिछाया जा रहा है। सड़क किनारे गड्ढे खोद दिया गया है। ठेकेदार द्वारा सड़क पर कोई सांकेतिक चिन्ह नहीं लगाया गया है। यह घटना इसी की वजह से हुई दोपहिया वाहन सड़क से उछलकर गड्ढे से टकराई और गड्ढे के चलते महिला दोपहिया वाहन से गिर गई और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई मृतिका को ग्राम कुथरेल निवासी बताया जा रहा है। वहीं रात में समाचार लिखे जाने तक टंडवा में ग्रामीणों ने सड़क पर पहुंच के चक्काजाम कर दिए है। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क पर पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे है। ठेकेदार द्वारा सड़क के किनारे गड्ढा खोद दिया गया है। जिससे इस तरह की घटनाएं हो रही है।

पेज 13 के शेष ...

### नई दुकान, नई...

साथ ही प्रस्तावित जगह सरपंच की होना बताया। दोंदे के सरपंच अशोक साहू से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि शराब दुकान खोलने का निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है। सरपंच के अनुसार, उनके गांव में वर्ष 2013 से शराब दुकान बंद है। शराब दुकान नहीं होने की वजह से कोचिया दूसरी जगह से शराब लाकर लोगों को बेच रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बिक्री होने की जानकारी गांव के सरपंच ने दी है। दोंदे में जहां शराब दुकान खोलना प्रस्तावित है, वह घनी आबादी क्षेत्र होने के साथ ही स्कूल से सटा इलाका है।

### यूपीएससी की तर्ज पर...

10 बजे के बाद प्रवेश वर्जित होगा। अभ्यर्थियों को एक घंटा पहले पहुंचने निर्देश दिए गए थे। व्यापम को सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 3 लाख 10 हजार आवेदन मिले थे। आवेदन संख्या को देखते हुए व्यापम द्वारा तैयारी भी इसी स्तर पर की गई थी। 5000 अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी इसके लिए लगाई गई थी। आवेदनकर्ता 3.10 लाख अभ्यर्थियों में से 72 प्रतिशत ही परीक्षा दिलाने पहुंचे रहे।

### प्रत्येक केंद्र में तीन...

नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर नवीन ठाकुर और सहायक नोडल अधिकारी केदार पटेल को नियुक्त किया गया था। अभ्यर्थियों से एक दिन पहले भी आग्रह किया गया था कि वे तय समय पर पहुंचे।

### 200 पदों के लिए...

भी सेक्शन के प्रश्न जटिल नहीं रहे। सामान्य ज्ञान सहित भारत का सामान्य अध्ययन, हिंदी और छत्तीसगढ़ी को लेकर सवाल पूछे गए। पद की प्रकृति के अनुसार ग्रामीण विकास, पंचायती राज और आजीविका संबंधित योजनाएं भी प्रश्नपत्र का हिस्सा रहीं।

### खाली भूखंडों का...

निगम को अब तक ओपन प्लॉट का टैक्स नहीं मिल रहा है। ऐसे में अब रजिस्ट्री की तारीख की जगह डायवर्सन की तिथि से टैक्स की वसूली होगी। ***पटवारी हल्का नंबर, राजस्व रिकार्ड का अलग से रहेगा डाटा :*** महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर निगम का राजस्व विभाग शहर के 70 वार्डों में आने वाले पटवारी हल्का का नंबर, राजस्व रिकार्ड का अलग से डाटा सुरक्षित रखने का कार्य शुरू करेगा, ताकि नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों में खाली पड़े भूखंडों के वास्तविक भूमि स्वामी का पता लगाकर उनसे नियमानुसार टैक्स की वसूली की जा सके।

### कृषि भूमि के व्यावसायिक...

को टैक्स नहीं दे रहे, उन्हें चिन्हांकित कर करारोपण के दायरे में लाना हमारा मकसद है। साथ ही ऐसे करदाता, जो पूर्व में नगर निगम को करों का भुगतान करते थे, पर ऑनलाइन सिस्टम आने के बाद टैक्स का भुगतान नहीं कर रहे हैं, उन्हें चिन्हांकित कर करों की वसूली सुनिश्चित की जाएगी। कुछ करदाता ऐसे भी हैं, जो निगम को करों का भुगतान करना चाहते हैं, पर उन्हें ज्यादा कर न देना पड़े, इस आशंका से टैक्स भुगतान नहीं कर रहे। उन्हें भी सर्वेक्षण के दौरान खोज निकालने का काम टीम करेगी। साथ ही राजस्व विभाग समय-समय पर अपने कर्मचारियों को अपग्रेड करने का काम भी करेगा।

### भीड़भाड़ वाले इलाके...

तथा मौदहापारा थाना क्षेत्र में दो कारोबारियों के रुपए चोरी किए थे। चोरी के आरोप में पुलिस ने मालती शेण्डे, प्रिया इंचुरकर, शालीता उफाडे, संगीता पात्रे को गिरफ्तार किया है। सभी महिलाएं गुढ़ियारी तथा गोगांव में किराए का मकान लेकर रह रही थीं। पुलिस के अनुसार, चारों महिलाएं रायपुर में चोरी करने की नीयत से आई थीं। साथ ही घूम-घूमकर सामान बेचने की आड़ में चोरी कर रही थीं। महिलाएं दो-दो का ग्रुप बनाकर मौदहापारा तथा गोलबाजार एरिया में सक्रिय होकर चोरी कर रही थीं। इन महिलाओं ने गोलबाजार क्षेत्र से बलौदाबाजार निवासी आरिफ खान तथा तिल्दा निवासी मुकेश भोजवानी के बैग से ऑटो में जाते समय रुपए चोरी किए थे।

### पार्किंग में चाकूबाजी...

तथा चाकूबाजी एवं लूट के मुख्य आरोपी गुढ़ियारी चूना भट्टी निवासी शेख हुसैन को गिरफ्तार किया है। रवि ने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई थी कि पार्किंग में गेट के सामने टिकाकर शेख हुसैन ने अपना पान ठेला लगा दिया था। इसका विरोध करने पर शेख हुसैन तथा उसके साथियों ने रवि के साथ मारपीट कर जेब में रखे नकदी 10 हजार रुपए लूट लिए। थाने में शिकायत करने पर बदमाशों ने रवि की लात-घूंसों से पिटाई करने के साथ उस पर हॉकी स्टिक तथा चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### बांग्लादेशी दंपति में...

पश्चिम बंगाल की रहने वाली है या बांग्लादेशी है, इसकी तस्दीक करने पुलिस की एक टीम पश्चिम बंगाल रवाना होगी।टिकरापारा पुलिस ने दिलावर खान के साथ उसकी पत्नी तथा बेटी को धरमनगर से शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दिलावर ने पुलिस को बताया कि इसके पूर्व वह करीब आठ साल कर छत्तीसगढ़ नगर में किराए पर रहता था। छत्तीसगढ़ के बाद वह धरमनगर में निवासरत है। दिलावर ने जैसा पुलिस को बताया, उसके मुताबिक छत्तीसगढ़ में अनुकूल माहौल मिलने के कारण उसने अपनी पत्नी तथा बेटी के साथ रायपुर में स्थायी रूप से निवास करने निर्णय लिया।

### डीडीनगर पानी टंकी के...

स्टोर कर लिया जाता तो प्रभावित इलाके के लोगों को पेयजल की किल्लत से जूझना नहीं पड़ता। वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी ने जोन कमिश्नर को 4 माह पहले ही यह सुझाव दिया था, पर उनके सुझाव की अनदेखी का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। 30 लाख लीटर बहुमूल्य पानी फिजूल में सड़कों से होकर नालियों बह गया। जोन-5 क्षेत्र स्थित डीडीनगर पानी टंकी के आउटलेट का वॉल्व स्लिप होने से डीडीनगर सेक्टर, सेक्टर 2, 3 और सेक्टर 4, बंजारी नगर, विनायक विहार, सेंचुरी कालोनी, पल्लव विहार, लोकमान्य सोसायटी सहित अन्य रहवासी इलाकों में शनिवार की सुबह पानी की समस्या से जूझना पड़ा। जबकि वार्ड में जल आपूर्ति के लिए नगर निगम के जल विभाग ने डीडीनगर पानी टंकी को 5 मीटर तक पानी से भरा हुआ था। ऐसे में वॉल्व स्लिप होने की स्थिति में उसे ठीक करने पानी टंकी को पूरी तरह खाली कराना पड़ा। 2 से 3 घंटे तक पानी टंकी का शुद्ध पानी बेकार में डीडीनगर की सड़कों से होकर नालियों तक बहता रहा। टंकी खाली होने के बाद आउटलेट वॉल्व को खोलकर ठीक किया गया। दोपहर बाद दोबारा पानी टंकी को भरने का सिलसिला चला, तब कहीं जाकर शाम को प्रभावित इलाकों में जल आपूर्ति सामान्य हो पाई।

### लखौली में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत निकाली गई रैली

**आरंग।** मोर गांव मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत ग्राम लखौली में रविवार को जल संरक्षण के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व ग्राम लखौली के सरपंच हिरामन साहू ने किया। इस अवसर भीमा मोहन साहू उपसरपंच, तिलक साहू, गोलू धीवर पंच, मालती, राजेश्वरी मेटगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, महिला समूहों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली पानी टंकी स्थल से प्रारंभ होकर गांव की प्रमुख गलियों से होती हुई भक्त माता कर्मा मन्दिर तक पहुंची। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में जल संरक्षण से जुड़े नारे लिखे पोस्टर लेकर जल बचाने का संदेश दिया। जल है तो कल है, हर बूंद कीमती है, जैसे नारों से पूरा गांव गूंज उठा। सरपंच ने इस अवसर पर ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमें अपने परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना होगा।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16**
**तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन सूचना**

दिनांक 26/05/2025

प्रति,
(1) जानकी देवी जौजे भुवन लाल पता रायपुर मो. 9826168312 (2) लोकेश साहू पिता भुवन लाल पता रायपुर मो. 9826168312 (3) प्रवीण मलिक पिता सुक्रम पाल मलिक पता रायपुर मो. 9340016563 (4) कीर्तन बघेल पिता थनवार बघेल मो. 9754069537

**विषय -** आवेदक/आवेदिका मोहन लाल आहुजा पिता स्व. किशन चंद आहुजा निवासी द्वारा आवेदित ग्राम परसुली प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. 16 स्थित भूमि खसरा नंबर 46/19, 59/23 क्रमशः क्षेत्रफल 0.1420, 0.0870 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।

**संदर्भ-** न्यायालय अति./नायब तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र..... वा/अति./ना. तह./202 धरसींवा दिनांक 07/04/25 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति./ना. तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 17/06/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 2 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकन धारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभावक/वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

## तिल्दा-खरोरा मार्ग पर भीषण हादसा हाईवा ने युवक को कुचला, मौके पर मौत





**तिल्दा नेवरा।** रविवार दोपहर तिल्दा खरोरा मुख्य मार्ग पर रेत से भरी हुई हाईवा वाहन ने फिर एक युवक की जान ले ली। मिली जानकारी अनुसार खरोरा की तरफ से रेत भरकर तेज रफ्तार आ रही हाईवा वाहन की चपेट में आने से ग्राम पथरी निवासी वासुदेव निषाद उम्र 19 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। युवक हाईवा वाहन के चक्का में पूरी तरह से कुचल गया जिससे उसके चीथड़े उड़ गए। बता दें कि युवक तिल्दा की ओर से वापस पथरी जा रहा था और जिओ पेट्रोल पंप बरतोरी के पहले यह हादसा हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया की हाईवा वाहन रेत भरकर खरोरा की तरफ से तिल्दा की ओर जा रही थी और वह काफी तेज रफ्तार थी जिसकी चपेट में उक्त दो पहिया वाहन चालक युवक आ गया और घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। यह भी बताया गया है कि मृतक युवक की दो-तीन माह पूर्व ही शादी हुई थी। नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है हाईवा वाहन को जप्त कर कार्रवाई की जा रही है।






हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- डूंडा में रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान शिफ्ट करने पर विरोध-प्रदर्शन
- दोंदे में शराब दुकान खोलने के विरोध में आज स्थानीय रहवासी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे

# नई दुकान, नई मुसीबत, स्कूल के करीब शराब का धंधा, गांव वाले भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जिले में सात नई शराब दुकान खोलने की घोषणा के बाद इसके विरोध में स्थानीय रहवासी आवाज बुलंद करने लगे हैं। डूंडा में पुरानी जगह से हटाकर स्कूल के करीब नई जगह शराब दुकान खोले जाने से लोग नाराज हैं। इसके विरोध में वे धरना-प्रदर्शन करने लगे हैं। इसी तरह खमतराई तथा उरला में शराब दुकान बंद करने समाधान शिविर में तीन सौ से ज्यादा लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। लोगों के विरोध के बाद भी प्रशासन शराब दुकान खोलने की तैयारी में जुटा हुआ है।

दोंदे में खोली जा रही शराब दुकान को लेकर हरिभूमि की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों से संपर्क किया तो उन लोगों ने प्रस्तावित शराब दुकान घनी आबादी के बीच होना बताया। ▶▶|शेष पेज 12 पर



### गांव का माहौल बिगाड़ने की कोशिश

दोंदे के पूर्व उपसरपंच सूरज टंडन ने प्रस्तावित शराब दुकान की जगह बताते हुए कहा कि उनके गांव में पिछले एक दशक से ज्यादा समय से शराब दुकान नहीं खुलने दी गई है। सूरज के अनुसार, जिस जगह पर शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव दिया गया है, वह घनी आबादी वाला क्षेत्र होने के साथ मुख्य मार्ग से लगा हुआ है। ऐसे में ट्रक चालकों से लेकर हर आने-जाने वाले शराब खरीदने वहीं पहुंचेंगे। इससे गांव का माहौल खराब होने के साथ शराब दुकान खुलने से बच्चे बिगड़ेंगे। पूर्व उपसरपंच ने गांव में किसी भी हाल में शराब दुकान नहीं खोलने देने की बात कहते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### यहां शराब दुकान खोलना प्रस्तावित

आबकारी विभाग ने जिन सात स्थानों में शराब दुकान खोलने प्रक्रिया प्रारंभ की है, उनमें से पांच शराब दुकानें आरंग विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित हैं। नई शराब दुकान खौली, पलौद, नया रायपुर सेक्टर 9, भैंसा, समोदा, ग्राम टेमरी और दोंदेखुर्द में खोली जानी है। शराब दुकान खोलने भवन किराए पर लेने 2 जुलाई तक निविदा बुलाई गई है।



### विरोध में तीन सौ से ज्यादा ने ज्ञापन सौंपा

एक तरफ जहां लोग नई शराब दुकान खोलने का विरोध कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व से जहां शराब दुकान संचालित हो रही है। वहां के रहवासियों ने कानून व्यवस्था का हवाला देकर शराब दुकान बंद करने कलेक्टर को समाधान शिविर में ज्ञापन सौंपा है। इनमें खमतराई तथा उरला क्षेत्र के रहवासी शामिल हैं। जिन इलाकों के लोगों ने शराब दुकान बंद करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है, उसे लेकर प्रशासन ने अब तक स्थानीय रहवासियों को किसी तरह से कोई जवाब नहीं दिया है।

### दुकान शिफ्ट करने के विरोध में उतरे लोग

इधर, पूर्व में डूंडा बस्ती में संचालित शराब दुकान को पॉम मिडास के बाजू में फ्रेंड्स कॉलोनी के अंदर रिहायशी इलाके में शिफ्ट किया गया है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार, जिस जगह पर शराब दुकान खोली जा रही है, उसके आसपास न्यू स्वागत विहार सहित कई रिहायशी कॉलोनियां तथा स्कूल संचालित हो रहा है। स्थानीय रहवासियों ने जमीन मालिक के बगैर अनुमति लिए अवैध निर्माण कर शराब दुकान खोलने का आरोप लगाया है। शराब दुकान के विरोध में स्थानीय रहवासियों ने रविवार से धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

## खबर संक्षेप

### 137 पौवा शराब जब्त दो कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस तथा विधानसभा थाने की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 14 हजार रुपए से ज्यादा कीमत की 137 पौवा देशी के साथ अंग्रेजी शराब जब्त की है। विधानसभा थाने की पुलिस ने जगन्नाथ कुम्हार उर्फ सागर कैलाश कुम्हार तथा सिविल लाइंस पुलिस ने 70 साल के बुजुर्ग विक्रम वर्मा को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन आरोपियों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है वो सभी शराब कोचिया हैं।

### रेतघाट के मुंशी को उपसरपंच ने पीटा

**रायपुर।** आरंग थाने में एक रेतघाट के मुंशी ने सिरपुर के उप सरपंच के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलतः उत्तरप्रदेश लिया निवासी मनोज कुमार सिंह ने राजेश ठाकुर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात वह रेतघाट के पास बने कच्चे मकान के पास गाड़ी की देखरेख कर रहा था। इस दौरान राजेश, मनोज के पास पहुंचा और उसके वहां बैठे होने का कारण पूछते हुए मारपीट की।

3.10 लाख अभ्यर्थियों ने किया था आवेदन, इनमें से 72% पहुंचे परीक्षा दिलाने

# यूपीएससी की तर्ज पर समय को लेकर सख्ती 2 मिनट की देरी और 15 अभ्यर्थियों को नो एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। समय को लेकर व्यापम द्वारा इस बार यूपीएससी और सीबीएसई की तर्ज पर सख्ती बरती गई है। राजधानी रायपुर में परीक्षार्थियों के लिए 95 केंद्र बनाए गए थे, जहां 38 हजार 660 कैंडिडेट्स को परीक्षा दिलानी थी। इनमें से 15 अभ्यर्थी ऐसे रहे, जो तय समय से दो मिनट की देरी पर पहुंचे। नियमतः कक्ष के द्वार बंद किए जा चुके थे, इसलिए इन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। दानी गर्ल्स स्कूल सहित कई केंद्रों में इस तरह के मामले आए।

जानकारों के मुताबिक, यह पहली बार है जब एंट्री समय को लेकर व्यापम द्वारा इस स्तर पर सख्ती बरती गई है। सामान्यतः संघ लोक सेवा आयोग और केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड ही समय को लेकर इतनी पाबंदी लगाता है। वहीं पूरे मामले पर व्यापम का कहना है कि एडिट कार्ड में बोल्ड अक्षरों में लिखा गया है कि ▶▶|शेष पेज 12 पर

### खास बातें

- रायपुर में 38,660 परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए 95 केंद्र
- सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा : व्यापम ने समय को लेकर पूर्व में ही दी थी चेतावनी
- व्यापम ने लगाई थी 5 हजार अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी



### प्रत्येक केंद्र में तीन सदस्यीय निगरानी दस्ता

व्यापम द्वारा रायपुर में बनाए गए प्रत्येक केंद्र में तीन सदस्यीय टीम नियुक्त की गई थी, जो परीक्षा संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग कर रही थी। इनमें से एक सदस्य कलेक्टर द्वारा नियुक्त किए गए थे। एक सदस्य की नियुक्ति साइंस कॉलेज द्वारा की गई थी, क्योंकि यह रायपुर का समन्वयक केंद्र है। एक अन्य सदस्य के रूप में संबंधित सेंटर के केंद्राध्यक्ष को रखा गया था। परीक्षा एक पाली में सुबह 10:00 से दोपहर 12:15 तक होगी। रायपुर में ▶▶|शेष पेज 12 पर

### 200 पदों के लिए परीक्षा औसत रहे सवाल

व्यापम ने 200 पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। इसके लिए 2 मई तक आवेदन मांगे गए थे। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के अनुसार, प्रश्न औसत रहे। कुछ सेक्शन के सवाल उम्मीद से अधिक सरल रहे। किसी ▶▶|शेष पेज 12 पर

### इस तरह के सवाल

- दफला और मिशमी जनजातियां कहां निवास करती हैं?
- गांधीजी द्वारा लॉर्ड इरविन को 1931 में प्रस्तुत 11 सूत्रीय मांगों में क्या-क्या शामिल था?
- समस्त विश्व को भारतीय ज्ञान-विज्ञान की सबसे महत्वपूर्ण देन क्या है?
- सितंबर 2023 में भारत में महारत्न कंपनियां कितनी थीं?
- शिव अवतार के रूप में प्रसिद्ध पाशुपत महेश्वर संप्रदाय के संस्थापक कौन थे?
- मड़वा ताप विद्युत स्टेशन छग के किस जिले में है?
- 2011 की जनगणना के अनुसार छग में शहरी और ग्रामीण परिवार का प्रतिशत कितना है?
- राज्य सरकार का कार्यकारी प्रमुख कौन होता है?
- बस्तर जिले की तीन प्रमुख नदियां कौन सी हैं?
- अंग लगना मुहावरे का अर्थ क्या है?
- संतान की लंबी उम्र के लिए कौन सा लोकपर्व छग में प्रसिद्ध है?
- दक्षिण कोसल का चाणक्य किसे कहते हैं?
- छग राज्य की सीमा कितने राज्यों से लगती है?
- छग की जलवायु कैसी है?
- राउत नाचा में बीच-बीच में गाए जाने वाले दोहे किससे संबंधित होते हैं?
- अल्पकालिक कृषि ऋण के लिए क्या आवश्यक है?

# खाली भूखंडों का सर्वे कराएगा निगम 3 माह की मियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का राजस्व महकमा अब शहरभर में स्थित खाली भूखंडों का सर्वे कराने की तैयारी में है। इसके लिए अलग से एप बनाया जा रहा है। 3 माह की समयसीमा में इस काम को पूरा करने डेडलाइन तय की गई है। इस कार्य में राजस्व विभाग और जिला प्रशासन की टीम का भी सहयोग लिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर नगर निगम अपनी टीम का विस्तार भी करेगा। निगम के रिकार्ड के मुताबिक, शहरभर में 40 हजार ओपन प्लॉट हैं, जिन पर डायवर्सन की तारीख से टैक्स लेने की योजना है। इससे नगर निगम को करीब 50 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

- निगम ने बनाया एप, डायवर्सन तारीख से खाली भूखंड पर टैक्स
- शहरभर में 40 हजार ओपन प्लॉट होल्डर, 50 करोड़ का राजस्व अनुमानित

नगर निगम शहर के भीतर और आउटर के वार्डों में खाली पड़े भूखंड मालिकों से टैक्स की वसूली करेगा। शहर के आउटर वार्डों में ऐसे ओपन प्लॉट की संख्या ज्यादा है, जिनके भूस्वामी से नगर ▶▶|शेष पेज 12 पर

### कृषि भूमि के व्यावसायिक उपयोग पर लगेगा टैक्स

नगर निगम उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि ओपन प्लॉट से टैक्स वसूली में अब कृषि भूमि आड़े नहीं आएगी। यदि किसी ने कृषि भूमि वाले भूखंड को पार्किंग के लिए अथवा दुकान या गोदाम बनाने व्यावसायिक प्रयोजन के लिए किराए पर दे रखा है तो ऐसे प्लॉट होल्डर से नगर निगम टैक्स वसूलेगा। जिसमें फसल ली जा रही हो, ऐसी कृषि पर कर नहीं लिया जाएगा। शहर के ऐसे सिटीजन, जो नगर निगम ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पूछताछ में असहयोग

# बांग्लादेशी दंपति में पत्नी ने कहा- वह कोलकाता की

- पूछताछ में दंपति का पुलिस को नहीं मिल रहा सहयोग
- एसटीएफ तथा एटीएस की टीम कर रही पूछताछ


रायपुर में मिले बांग्लादेशी दंपति गिरफ्तार, नाबालिग बेटी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के धरमनगर में अवैध रूप से निवासरत जिस बांग्लादेशी दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वह घुसपैठ करने के बाद चार साल कोलकाता में रहा है। दिलावर की पत्नी परवीन का दावा है कि वह बांग्लादेशी नहीं है, वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल कोलकाता की निवासी है। परवीन ने दिलावर के भारत आने के बाद उससे शादी करने की जानकारी पुलिस को दी है। दंपति से पुलिस के अलावा क्राइम, एसटीएफ तथा एटीएस की टीम पूछताछ कर रही है। परवीन वास्तव में ▶▶|शेष पेज 12 पर

### पुलिस की एक टीम जाएगी रीवा

दिलावर ने अपनी आठवीं कक्षा की फर्जी अंकसूची मध्यप्रदेश के रीवा से बनवाई है। किन लोगों की मदद से अंकसूची बनाई गई है। इस बात की पड़ताल करने पुलिस की एक टीम रीवा चाकघाट रवाना की जाएगी। दिलावर के और कौन-कौन रिश्तेदार रायपुर के अलावा देश के किन शहरों में रह रहे हैं। पुलिस दिलावर से इस बात की जानकारी जुटाने की कोशिश में लगी हुई है। पूछताछ में दिलावर तथा उसकी पत्नी द्वारा किसी तरह से सहयोग नहीं किया जा रहा है।

### फरार शेख अली ने की थी मदद

एटीएस की टीम ने पूर्व में इराक भागने की फिराक में जिन तीन बांग्लादेशी भाइयों को गिरफ्तार किया है। उनके दस्तावेज बनवाने जिस बांग्लादेशी नागरिक शेख अली ने मदद की थी, उसी ने दिलावर तथा उसकी पत्नी, बेटी के दस्तावेज बनवाने में मदद की है। ऐसे में शेख अली ने और कई बांग्लादेशी नागरिकों के दस्तावेज बनवाने में मदद की होगी। सूत्रों के मुताबिक, शेख अली वापस बांग्लादेश लौट गया है। ऐसे में बांग्लादेशी घुसपैठियों की तलाश करना एसटीएफ के लिए एक बड़ी चुनौती है।

### टिकरापारा में रहते हुए पुलिस वेरिफिकेशन

दिलावर खान पिछले डेढ़ दशक के टिकरापारा थाना क्षेत्र में निवासरत था। ऐसे में उसने अपना तथा अपनी पत्नी, बेटी का पासपोर्ट टिकरापारा इलाके में रहते हुए बनवाया है। ऐसे में पासपोर्ट बनवाने दिलावर, उसकी पत्नी तथा बेटी का पुलिस वेरिफिकेशन टिकरापारा थाने से हुआ होगा। पूर्व में पासपोर्ट बनवाने अब की तुलना में ज्यादा जटिल प्रक्रिया थी। ऐसे में पासपोर्ट कार्यालय के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं।

### खुफिया अधिकारी बनकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** फर्जी खुफिया अधिकारी बनकर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने एक जालसाज को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार धरसींवा सिलयारी निवासी मोहर दास बंजारे की शिकायत पर पुलिस ने उत्तरप्रदेश बोंदा निवासी बाल्मीकि तिवारी को गिरफ्तार किया है। नोहरदास ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पिछले महीने 29 मई को उसके पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को खुफिया विभाग का अफसर बताते हुए मोहर दास से मदद मांगी। मदद करने तैयार होने पर जालसाज ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने सिविलियन के अकाउंट से पैसे ट्रांसफर करने का झांसा देकर अपने अकाउंट में 39 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी की। जालसाज को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

# पार्किंग में चाकूबाजी के आरोपी बदमाश को जीआरपी ने सिखाया सबक, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पार्किंग संचालक से लूट तथा चाकू से हमला करने के आरोप में जीआरपी ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों का सरगना गंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है। बदमाशों को पकड़ने के बाद जीआरपी ने उनका रेलवे स्टेशन में जुलूस निकाला। इसके अलावा हिस्ट्रीशीटर को सबक सिखाते हुए सार्वजनिक तौर पर अधनंगा कर उठक-बैठक कराई। बदमाशों के खिलाफ जीआरपी ने गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पार्किंग संचालक रवि आहूजा की शिकायत पर जीआरपी ने मनीष गजभिये उर्फ दल्ली, पप्पू साहू ▶▶|शेष पेज 12 पर



- जीआरपी ने स्टेशन में भीड़ के सामने बदमाश को उठक-बैठक कराई, गंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है आरोपी



### पुलिस की शह मिलने का आरोप

आरोप है कि शेख हुसैन गंज थाने के कुछ पुलिसकर्मियों की शह पर बेखौफ होकर अपराध करता है। शेख हुसैन अपने साथियों के साथ मिलकर इंटरस्टेट बस टर्मिनल में ऑटो विवाद में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला किया था। तब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जुलूस निकाला था।

### भीड़भाड़ वाले इलाके में उठाईगिरी, चार महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीड़ वाली जगहों का फायदा उठाकर उठाईगिरी तथा चोरी करने के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र की चार महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35 हजार 700 रुपए जब्त किए है। मौदहापारा पुलिस ने जिन महिलाओं को गिरफ्तार किया है, उन्होंने गोलबाजार ▶▶|शेष पेज 12 पर




- आरोपी महिलाएं महाराष्ट्र की रहने वाली, गोलबाजार, मौदहापारा थाना क्षेत्र में की थी उठाईगिरी

टंकी को खाली कराने सड़क पर फिजूल में बहा दिया 30 लाख लीटर पानी

# डीडीनगर पानी टंकी के आउटलेट का वॉल्व स्लिप, सूखे रहे नल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित पानी टंकी के आउटलेट का वॉल्व रविवार की सुबह स्लिप हो गया। इससे दर्जनभर इलाकों के लोगों को सुबह के समय नलों से पानी नसीब नहीं हुआ। वहीं वॉल्व को ठीक करने जल विभाग ने पानी टंकी में भरे 30 लाख लीटर शुद्ध पानी को 2 घंटे तक सड़क और गलियों में फिजूल में बहाते हुए पानी टंकी खाली कराई। स्क्राबर लाइन को सप्लाई लाइन अब तक नहीं जोड़ने से एक बार फिर ऐसी नौबत आई। वहीं अगर पानी ▶▶|शेष पेज 12 पर



### वॉल्व स्लिप, सुबह जल आपूर्ति प्रभावित

डीडीनगर पानी टंकी के आउटलेट का एक वॉल्व स्लिप होने से दर्जनभर रहवासी इलाकों में रविवार की सुबह जल आपूर्ति नहीं हो सकी। टंकी खाली कराकर वॉल्व में आई खराबी को दूर कराया गया है। शाम के समय आपूर्ति सामान्य रही।

- नरसिंह फरेंद, ईई जल विभाग, ननि रायपुर



**हर बार होती है पानी की बर्बादी** नगर निगम के जल विभाग ने शहर के ज्यादातर पानी टंकियों के स्क्राबर लाइन को अब तक सप्लाई लाइन से जोड़ने का काम नहीं कराया है। यही कारण है कि वॉल्व में खराबी आने पर संबंधित पानी टंकी को खाली कराने के अलावा कोई विकल्प नहीं होने से पीने का शुद्ध पानी सड़कों पर बहाने की नौबत आती है।

Pragati College
(Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University & Recognised by Govt. of Chhattisgarh)
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur Ph. 0771-2255911/22, Fax :2255933
E-mail : info@pragaticollege.com Website : www.pragaticollege.com
Strong careers rise from a strong institution
Commerce
Computers
Communication
Education
Management
• B.Com
• B.Com (With Computers)
• M.Com. • B.B.A. • B.C.A.
• B.Sc. (Computers Science)
• P.G.D.C.A.
• D.Ed. • B.Ed. • M.Ed.
• BJMC • PGDJ

ADMISSIONS CALL
• Commerce & Management 9294603003
• Computer & Science 9294603013
• Mass Communication 9294603033
• Education 9294603025

# कुलपति ने मांगी पुलिस से सुरक्षा, लिखा-बलपूर्वक प्रवेश करते हैं असामाजिक तत्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलपति द्वारा रायपुर पुलिस अधीक्षक को खत लिखकर विशेष सुरक्षा मांगी गई है। हालांकि पुलिस अधीक्षक को लिखा गया यह पत्र लगभग दो माह पुराना है, लेकिन सोशल साइट्स पर यह अभी वायरल हो रहा है। विवि के छात्रों ने इसे अपने सोशल साइट्स पर इसे शेयर किया है।

विवि के कुलसचिव के हवाले से यह खत लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि इंदिरा गांधी कृषि विवि का कार्यक्षेत्र संपूर्ण छग राज्य में विस्तारित है। विवि के अधीन 28 शासकीय महाविद्यालय, 27 कृषि विज्ञान केंद्र एवं 9 अनुसंधान केंद्र हैं। इन केंद्रों में शिक्षण, अनुसंधान, प्रसार एवं बीज उत्पादन कार्यक्रम के पर्यवेक्षण के लिए कुलपति को प्रत्येक केंद्र में भ्रमण करना होता है।

विवि में समय-समय पर विभिन्न संगठनों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाता है। कभी-कभी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बलपूर्वक कुलपति कक्ष में प्रवेश करने का प्रयास किया जाता है। अंतः कुलपति की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एक निजी सुरक्षा अधिकारी उपलब्ध कराया जाए।

- मामला इंदिरा गांधी कृषि विवि का, प्रदर्शन के दौरान उग्र हो रहे छात्र
- तेलीबांधा थाने में गेट तोड़ने की शिकायत दर्ज, पिछले सप्ताह हुआ था प्रदर्शन



### उग्र हो रहे हैं प्रदर्शन

इंदिरा गांधी कृषि विवि में छात्रों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन पिछले कुछ समय से उग्र होते जा रहे हैं। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनातगी भी करनी पड़ रही है। विपक्ष की छात्र इकाई एनएसयूआई द्वारा ये प्रदर्शन किए गए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक कृषि विवि परिसर में आयोजित किए जाने को लेकर भी कार्यक्रम के दौरान ही प्रदर्शन किए गए थे। उस वक्त भी बड़े पैमाने पर हंगामा हुआ था।

### प्रवेश नहीं मिलने पर तोड़ दिया पिछला दरवाजा

एनएसयूआई द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर पिछले सप्ताह प्रदर्शन किया गया। छात्र प्रदर्शन करने प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार के सामने एकत्र हुए थे। यहां प्रवेश नहीं मिलने पर छात्र पिछले दरवाजे पहुंच गए, जहां उन्होंने चैनल गेट का ताला तोड़ने के साथ ही अन्य नुकसार भी पहुंचाया। इसकी शिकायत प्रदर्शन के दिन ही विवि प्रबंधन द्वारा पुलिस थाने में कर दी गई थी। हालांकि अब तक कोई कार्रवाई इस मामले पर ना तो विवि प्रबंधन स्तर पर और ना ही पुलिस स्तर पर की गई है।

## खबर संक्षेप



### शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव अडसूल छग प्रवास पर

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट के राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अडसूल दो दिवसीय प्रवास पर रविवार की रात रायपुर पहुंच गए। वे सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और संगठन को कैसे मजबूत किया जा सकता है, इस बारे में छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर, संजय नाग, एचएन सिंह पालीवार ने रविवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि यहां पहुंचने के बाद उन्होंने प्रमुख पदाधिकारियों से भेंट-मुलाकात की। दूसरे दिन 16 जून को सुबह 10 बजे वे वहां से निकलकर शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, शारदा चौक, नवीन बाजार, आजाद चौक, राजकुमार कॉलेज, कर्बला चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पहुंचेंगे, जहां भव्य आतिशबाजी की जाएगी।

### थैलेसीमिया और सिकलिंग पीड़ित बच्चों के लिए किया रक्तदान



**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में प्रेम न्यूज एजेंसी एवं रक्तदान दानवीर ग्रुप द्वारा मोवा स्थित जयदीप ब्लड बैंक में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संग्रहित ब्लड थैलेसीमिया एवं सिकलिंग बच्चों के लिए रक्तदान किया गया, थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रोग है, जो माता-पिता से बच्चों में आता है और इन बच्चों को पूरी जिंदगी रक्त की आवश्यकता पड़ती है। आपका एक रक्तदान इन बच्चों को 15 दिन की जिंदगी प्रदान करता है, इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि आगे आएं और इन सभी बच्चों के लिए रक्तदान करें, इनकी ज़िंदगी बचाएं। इस मौके पर उपस्थितजनों एवे उनके परिजनों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में प्रेम साहू, रितेश साहू, शिवा तिवारी, ममता ध्रुव, मनीष ध्रुव, नवनीलम पन्द्रम, लीलाराम साहू, राजाराम साहू, गंगाराम, शिवम यदु, कीर्ति साहू, खिलेश कुमार, लकी, अंकुर गर्ग, राहुल मेघानी आदि शामिल हैं।


### भाजपा का प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम आज रायपुर में

**रायपुर ।** भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में सोमवार को प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा और मोतीलाल साहू सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। कार्यालय एकात्म परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आवश्यक बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों की पूर्ण जानकारी जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को दी गई ।

## निधन

### अपराजिता गोस्वामी

**रायपुर।** टिकरापारा आरडीए कालोनी निवासी अपराजिता गोस्वामी (71) का 15 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे डाक विभाग से सेवानिवृत्त समीर कुमार गोस्वामी की पत्नी और मांटून गोस्वामी की माता थीं। उनके निधन पर समाजजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### 50 से ज्यादा छात्रों ने दर्ज कराई आपत्ति, मानवीय त्रुटि या जानबूझकर बदले गए अंक

# बांड पोस्टिंग की ऑनलाइन काउंसिलिंग में गड़बड़ी, अंकों में हेरफेर कर बनाई सूची

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

लंबी कोशिशों के बाद प्रारंभ हुई एमबीबीएस बांड पोस्टिंग की ऑनलाइन काउंसिलिंग में गड़बड़ी की शिकायत सामने आने लगी है। पचास से अधिक डाक्टरों ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके प्राप्तांकों में हेरफेर कर मेरिट सूची तैयार की गई है। इसके साथ ही वैकेंसी लिस्ट से प्रदेश के बड़े अस्पताल के साथ रायपुर, बिलासपुर के हेल्थ सेंटरों को गायब कर दिया गया है। यह मानवीय त्रुटि है अथवा जानबूझकर एक वर्ग को लाभ पहुंचाने का साजिश है?

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा पहली बार एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा अधिकारियों की दो साल की अनुबंध सेवा की पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रारंभ की गई है। इसके तहत कुलल 583 सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल तथा 77 मेडिकल कालेजों में इन चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की जानी है। इसके प्रथम चरण में पंजीयन के बाद नियुक्ति के लिए मेरिट लिस्ट जारी की गई है, जो विवादों में आ गई है। पचास से अधिक डाक्टरों ने आपत्ति जताई है कि जारी मेरिट लिस्ट और आयुष विवि द्वारा जारी अंकसूची के नंबर अलग-अलग हैं। इसकी वजह से मेरिट लिस्ट में उनका क्रम बदल गया है। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि यह गड़बड़ी एक खास वर्ग को उनका पसंदीदा स्थान दिलाने के लिए ऐसा किया गया है। इसी तरह राज्य के अस्पतालों में चिकित्सकों की भारी कमी है। इसके बावजूद काउंसिलिंग पोर्टल पर कई मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अस्पताल, डिस्ट्रिक हास्पिटल और सीएचसी, पीएचसी को वैकेंसी लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। इसकी वजह से भी काउंसिलिंग की पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

**सुविधा वाले बड़े अस्पताल, रायपुर, बिलासपुर के कई हेल्थ सेंटर वैकेंसी लिस्ट से गायब**



अब बांड पोस्टिंग काउंसिलिंग के जरिए, चिकित्सा अधिकारियों को मिलेगी पसंदीदा जगह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

चार राउंड में होगी बांड पोस्टिंग, पंजीयन, संस्था चयन और आवंटन भी

एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद अनुबंध सेवा के लिए पोस्टिंग अब काउंसिलिंग के जरिए होगी। चिकित्सा अधिकारियों को अपनी सेवा देने के लिए पसंदीदा जगह मिलेगी। कालेज में एडमिशन की तरह बांड पोस्टिंग की काउंसिलिंग चार राउंड में पूरी होगी। इसमें पंजीयन, संस्था चयन के साथ आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

बांड ड्यूटी की पोस्टिंग काउंसिलिंग के माध्यम से किए जाने की मांग काफी समय से उठ रही थी। खासकर पीजी डाक्टर इस पर अधिक जोर दे रहे थे। उनका तर्क था कि विशेषज्ञता की पढ़ाई करने के बाद प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में ड्यूटी से उनकी योग्यता का उपयोग नहीं हो पा रहा है। पीजी डाक्टरों के लिए फिलहाल आदेश जारी नहीं हुआ है, मगर एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के लिए इस प्रक्रिया की शुरुआत की जा रही है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की ओर से जारी निर्देश में बताया गया है कि वर्ष 2025 की बांड पोस्टिंग के लिए 13 जून से 30 जून तक चार दौर का काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। इसमें तमाम शासकीय महाविद्यालय से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों को अनुबंधित सेवा के लिए शामिल होना अनिवार्य है। स्वास्थ्य केंद्रों के साथ चिकित्सा महाविद्यालयों में पोस्टिंग मेरिट आधार पर किया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी काउंसिलिंग में शामिल नहीं होता तो अंतिम दौर के बाद आवश्यकता अनुसार स्वतः पदस्थापना स्थल का आवंटन किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार बांड पोस्टिंग के लिए काउंसिलिंग की इस प्रक्रिया को चार चरण में पूरा किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने दस्तावेज के साथ पंजीयन कराना होगा इसके बाद च्वाइस फीलिंग और लॉकिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, इसके बाद स्वास्थ्य संचालनालय की ओर बांड पोस्टिंग का आवंटन किया जाएगा। संचालनालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार पहला राउंड 13 से 19 जून, दूसरा राउंड 20 से 23 जून, तीसरा राउंड 24 से 26 जून और चौथा राउंड 27 से 30 जून तक पूरा किया जाएगा।

### जूनियर डॉक्टर एसोसिशन ने की आपत्ति

इस मामले में अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह के नेतृत्व में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से शिकायत की गई है। उन्होंने काउंसिलिंग में हो रही गड़बड़ी दूर करने की मांग की है। जूड़ा अध्यक्ष ने कहा कि एमबीबीएस बांड पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग को राज्य सरकार की एक प्रगतिशील एवं डिजिटल दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस प्रक्रिया से पारदर्शिता, योग्यता आधारित स्थान आवंटन और दक्षता की अपेक्षा की गई थी। इस प्रणाली में सामने आ रही कई गंभीर खामियां और अन्यायपूर्ण स्थिति गहरी चिंता का विषय है।

### विलंब से सेवा अवधि प्रभावित

*काउंसिलिंग प्रक्रिया में हो रही देर से छात्रों की बॉन्ड सेवा अवधि अनावश्यक रूप से बढ़ रही है। शासन की तकनीकी या प्रशासनिक देरी का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। इससे उनकी आगे की पढ़ाई एवं कॅरियर योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। मांग की जा रही है कि काउंसिलिंग या ज्वाइनिंग में हुई देरी की अवधि को कुल बांड टाइम से घटाया जाना चाहिए।*

### ऐसे हो गए मेरिट लिस्ट के मार्क्स

| अंकसूची | बांड पोस्टिंग की मेरिट लिस्ट में नंबर |
|---|---|
| 844 | 884 |
| 899 | 866 |
| अपात्र | 914 |
| 866 | 899 |

### वेतन में असमानता

अनुबंध सेवा के तहत नियुक्त एमबीबीएस डॉक्टरों को 45 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है। जबकि इसी काम के लिए नियमित रूप से नियुक्त चिकित्सकों को 90 हजार से 1 लाख रुपए वेतन एवं भत्तों का भुगतान किया जा रहा है। वेतन की इस असमानता पर भी असंतोष जताया गया है। बॉन्ड डॉक्टर्स का न्यूनतम वेतन 75 से 90 हजार किए जाने की मांग की गई है।

# एम्स की नर्सिंग ऑफिसर को सोशल मीडिया पर प्रताड़ित कर रहा बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- नर्सिंग ऑफिसर को शादी में बाधा डालने की धमकी दे रहा

एम्स अस्पताल की एक नर्सिंग ऑफिसर ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम पर उसे परेशान करने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज कराई है। नर्सिंग ऑफिसर के मुताबिक, अज्ञात बदमाश इंस्टाग्राम पर उसकी फोटो पोस्ट करने के साथ, परिजनों को भी परेशान कर रहा है।

पुलिस के अनुसार एम्स की नर्सिंग ऑफिसर को परेशान करने वाले युवक की पहचान संजीव खलासी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, नर्सिंग ऑफिसर की संजीव के साथ दोस्ती फेसबुक के माध्यम से हुई थी। इस दौरान खींची गई कुछ निजी फोटोज को नर्सिंग ऑफिसर ने अपनी फेसबुक पर पोस्ट किया। आरोपी युवक अब उसी निजी फोटो को अपलोड कर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वायरल कर रहा है। साथ ही पीड़िता को उसकी शादी में बाधा उत्पन्न करने की धमकी दे रहा है। आरोपी के सोशल मीडिया अकाउंट से पुलिस उसके आईपी एड्रेस के माध्यम से जानकारी जुटा रही है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी की हरकतों से वह सामाजिक और मानसिक तौर पर बुरी तरह से परेशान है।

### आज होगी खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा

**रायपुर ।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में 16 जून को सुबह 10 बजे से बैठक बुलाई गई है। बैठक नवा रायपुर अटल नगर स्थित न्यू सर्किट हाऊस में होगी। कृषि मंत्री श्री नेताम बैठक में खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था, सुशासन तिहार से प्राप्त आवेदनों का निराकरण एवं उद्यानिकी विभाग की प्रगति सहित केंद्र और राज्य प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करेंगे। बैठक में संचालक कृषि, संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध संचालक, राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड के प्रबंध संचालक सहित संयुक्त संचालक, उपसंचालक और सहायक संचालकों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

# समाज शोषणमुक्त और समतायुक्त हो, यही हमारी समरसता का भावः डॉ. प्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांचवे सरसंघचालक कुप्पाहली सीतारमैया सुदर्शन की जयंती पर राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। सुदर्शन प्रेरणा मंच द्वारा महंत घासीदास संग्रहालय के सभागार में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. गुरु प्रकाश ने रविवार को सामाजिक समरसता पर बोलते हुए कहा, समाज शोषण मुक्त और समता युक्त हो, यही समरसता है और यह हमारी समरसता का भाव है। हमारे सभी महापुरुष समाज के समभाव की चर्चा करते हैं। इसी दौरान मुख्य वक्ता डॉ. गुरु प्रकाश ने कहा कि संविधान ने प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार देकर राजनीतिक लोकतंत्र दे दिया, लेकिन सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र या समानता इससे स्थापित नहीं हो जाती। छत्तीसगढ़ प्रांत के संघचालक टोपलाल वर्मा ने कहा, धरतीपुत्र के रूप में हम सभी भाई-भाई हैं। कालांतर में विदेशी शासकों ने भारतीय समाज का विखंडन किया, इससे जाति की भावना उत्पन्न हुई। स्वागत भाषण संयोजक मोहन पवार ने दिया और कार्यक्रम का संचालन शीला शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के नागरिक उपस्थित थे।

- जांच में सामने आई डॉक्टर और स्टॉफ की लापरवाही
- बिरगांव यूपीएचसी में प्रसूता की मौत का मामला

# बिरगांव मामले की रिपोर्ट सौंपी, पर फाइल अटकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

जांच कमेटी द्वारा लापरवाही तय किए जाने के बाद चिकित्सकीय स्टाप पर कार्रवाई का फैसला संचालनालय स्तर पर अटका हुआ हुआ है। कमेटी अपनी रिपोर्ट तीन दिन पहले सबमिट कर चुकी है, इसके बाद भी आला अधिकारी कार्रवाई तय नहीं कर पा रहे हैं। मामला बिरगांव के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद महिला की मौत का है।

पांच दिन पहले साक्षी निषाद की बिरगांव सीएचसी में प्रसव के बाद हालत बिगड़ने पर मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने काफी हंगामा मचाया था और स्वास्थ्य केंद्र से लेकर खमतराई थाने तक का भी घेराव कर दिया था। उन्होंने हेल्थ सेंटर के मेल नर्स स्टॉफ पर लापरवाही करने और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया था। साथ ही वहां की प्रभारी डॉक्टर पर भी गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। मामला बिगड़ता देख सीएमएचओ स्वयं थाने पहुंचे और पुलिस की मदद से भीड़ को समझाने के बाद मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई के लिए जांच कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया था। कमेटी ने तीन दिन के भीतर मामले की तफ्तीश करने के बाद अपनी रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंप दी थी। मामले में जिस पर लापरवाही सिद्ध हुई थी, उस डॉक्टर की नियुक्ति संचालनालय स्तर पर हुई थी, इसलिए कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य संचालनालय भेज दी गई थी। मामले में महिला डॉक्टर के साथ मेल नर्स स्टॉफ पर भी ड्यूटी में लापरवाही बरतना पाया गया था। इस मामले में कार्रवाई क्या की जाएगी, इस पर स्वास्थ्य संचालनालय के अफसर अब तक फैसला नहीं कर पाए हैं और फाइल पिछले तीन दिन से अटकी है। आधिकारिक स्तर के सूत्रों का कहना है कि अवकाश के कारण इस पर आदेश जारी नहीं किया जा सका है। अगले दो-तीन दिन में इस पर फैसला लिया जाएगा।



प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को हेल्थ सेंटर में मिली झिड़की, लापरवाही ऐसी कि जान चली गई

### दो डॉक्टरों की नियुक्ति पर भी सवाल

इस स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ दो डॉक्टरों की नियुक्ति पर भी सवाल खड़ा किया गया है। यहां पदस्थ दो चिकित्सक शारीरिक रूप से फिट नहीं हैं। इन चिकित्सकों से वहां सामान्य के साथ नाइट ड्यूटी भी ली जाती है, जिसके लिए वे फिट नहीं हैं। अस्पताल में प्रभारी चिकित्सक भी वर्षों से वहीं अपनी सेवाएं दे रही हैं और कई शिकायतों के बाद भी उन पर जिला मुख्यालय स्तर पर कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

# वापस हो सकता है फार्मेसी काउंसिल की शुल्क वृद्धि का फैसला, 2 जुलाई को बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- बारह साल बाद बढ़ी फीस का भारी विरोध, लामबंद हो रहे फार्मासिस्ट

फार्मेसी काउंसिल के पंजीयन और नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी का फैसला वापस लिया जा सकता है। बारह साल बाद बढ़े शुल्क के खिलाफ फार्मासिस्ट लामबंद हो चुके हैं, जिसे देखते हुए 2 जुलाई को फार्मेसी काउंसिल की विशेष बैठक बुलाई गई है। सामान्य सभा की बैठक के बाद काउंसिल ने पंजीयन शुल्क को एक हजार से बढ़ाकर 2 हजार रुपए कर दिया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा वर्ष 2013 से निर्धारित पंजीयन एवं नवीनीकरण शुल्क को महंगाई का हवाला देकर बढ़ाया गया था। इसे 1 जून से लागू करने के फैसले के बाद विरोध का दौर शुरू हो गया था। काउंसिल में मेडिकल से पदेन सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता एवं निर्वाचित सदस्य भगतराम शर्मा द्वारा इस फैसले के खिलाफ मोर्चा खोला गया था। उनके इस विरोध को दवा कारोबार से जुड़े विभिन्न संगठनों, फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने समर्थन दिया था। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की गई थी और सात दिन में फैसला वापस नहीं होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी भी दी थी। भारी विरोध के बीच फार्मेसी काउंसिल ने अपने इस फैसले पर पुनर्विचार का निर्णय लिया है। रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने बताया कि वर्ष 2013 से अब तक फीस यथावत थी, जिसे बढ़ाया जाना आवश्यक था। इतने लंबे समय में महंगाई भी बढ़ी है, कर्मचारियों का वेतन भी बढ़ा है, पिछले 7-8 वर्ष का जीएसटी भरा जाना है, काउंसिल के लिए नए भवन का क्रय किया जाना है।

# अध्यक्ष पद के लिए रोचक होगा चुनाव, एक नाम पर सहमति नहीं, दो और दावेदार सामने आए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष पद पर होने वाला निर्वाचन अब रोचक हो गया है। सामाजिक स्तर पर यह चर्चा रही है कि अध्यक्ष पद के लिए विजय अग्रवाल को सर्वसम्मति से चुन लिया जाएगा, लेकिन चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही दो नए दावेदार मैदान में आ गए। अब अध्यक्ष पद के लिए 3 दावेदार चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में चुनाव पदाधिकारी ने मतपत्र के जरिए निर्णय लिये जाने की घोषणा की है। अध्यक्ष पद का दावा करने वालों में विजय अग्रवाल, सुरेश गोयल और रमेश अग्रवाल के नाम शामिल हैं। चुनाव अधिकारी रमेशचंद्र अग्रवाल, सह प्रभारी विनय बजाज, प्रमोद जैन ने बताया कि चुनाव की प्रक्रिया 29 अप्रैल को जारी कर दी गई थी। राजधानी के अग्रसेन धाम में हुई बैठक में विजय अग्रवाल, सुरेश गोयल और रमेश अग्रवाल के नाम अध्यक्ष पद के लिए सामने आए हैं।

दरअसल अग्रवाल सभा की चुनावी साधारण सभा की बैठक में अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति नहीं बन पाने के कारण 17 जून से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। रविवार को अग्रसेन धाम में प्रातः 11 बजे आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभा के अध्यक्ष पद का निर्वाचन सर्वसम्मति से या आम सहमति से विधि अनुसार कराया जाना था, पर आमसभा में अध्यक्ष पद के लिए सहमति नहीं होने के कारण चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई है। मतदान 29 जून को अग्रसेन धाम में होगा। साथ ही उसी दिन मतगणना कराई जाएगी।




- अग्रवाल सभा का चुनाव, कल से मिलेंगे नामांकन फार्म
- 14,500 मतदाता करेंगे अपने पसंद के अध्यक्ष का चुनाव
- तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा चुनाव

### चुनाव कार्यक्रम इस तरह से

- 17 जून से नामांकन पत्र उपलब्ध
- 19 से 20 जून तक होंगे नामांकन दाखिल
- नाम वापसी की अंतिम तिथि 21 जून
- 21 जून की शाम तक अंतिम प्रत्याशियों की सूची होगी जारी
- एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 29 जून को मतदान

### 14500 मतदाता करेंगे मतदान, पसंद का अध्यक्ष चुनने का मौका

अग्रवाल सभा में 14500 मतदाता पंजीकृत हैं, जो तीन साल के लिए अपनी पसंद का अध्यक्ष चुनने मतदान करेंगे। निर्वाचित अध्यक्ष बाद में कार्यकारिणी का गठन करेंगे। मतदान और मतगणना की प्रक्रिया राजधानी के जवाहर नगर स्थित अग्रसेन भवन में पूरी होगी। वहीं संपूर्ण चुनावी प्रबंधन अग्रसेन धाम परिसर छोकरानाला में किया जाएगा।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



गुरु पूर्णिमा पर दर्शन-पूजन के ...

सिटी इवेंट

## दासबोध वेदांत के आध्यात्मिक विचार जीवन के लिए प्रेरक



**रायपुर।** छत्रपति शिवाजी के गुरु समर्थ रामदास स्वामी द्वारा लिखित दासबोध एक मराठी आध्यात्मिक ग्रंथ है। इसका अर्थ है शिष्य को सलाह। 17वीं शताब्दी में लिखी गई दासबोध अद्वैत वेदांत पर आधारित होने के साथ आध्यात्मिक विचार और जीवन प्रथाओं के लिए प्रेरक है। यह ग्रंथ और समर्थ रामदास स्वामी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस कालखंड में थे। महाराष्ट्र मंडल में समर्थ विद्यापीठ सज्जनगढ़ की उप कुलपति प्राची भिडे ने उक्त बातें रविवार को कही। उन्होंने आगे कहा कि समर्थ रामदास स्वामी ने मराठी में कहा है कि 'केल्या नी होत आहे आधी केले च पाहिजे' अर्थात करने से होता है, कुछ करोगे नहीं तो होगा कैसा। स्वामी के उपदेशों को लोगों तक पहुंचाने श्री समर्थ विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

### बच्चों के लिए शिविर आयोजित करने की मंशा

उन्होंने कहा कि अब समर्थबोध परीक्षा हिंदी भाषिकों के लिए भी उपलब्ध होगी। साहित्य व प्रश्नपत्र भी हिंदी में मिलेंगे। विद्यापीठ में शालेय विद्यार्थी व वरिष्ठजनों के लिए परीक्षा आयोजित की जाती है। समर्थ रामदास स्वामी के विचार राष्ट्र उन्नति के लिए आज भी अनुकरणीय है। सज्जनगढ़ में बच्चों के लिए भी शिविर आयोजित किया जाता है। इसमें 14 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे शामिल होते हैं। यहां आप लोगों के सहयोग से भी शिविर आयोजित करने की मंशा है। जल्द ही इस दिशा में काम शुरू किया जाएगा। समर्थ विद्यापीठ मध्य भारत विभाग के केंद्र संचालक डॉ. अश्विन भागवत ने कहा कि समर्थ रामदास स्वामी ने विश्व की चिंता करते हुए चार वर्ष तक एक स्थान पर खड़े रहते हुए साधना की।

राजधानी में फादर्स डे पर लाहोटी मित्र मंडल ने पहली बार की अनूठी पहल, 36 पिता का सम्मान

# दुधमुंहे बेटे का लालन-पालन मां की तरह करते हैं हीरालाल, घर के आसपास तलाशते हैं रोजी

'माताओं के संघर्ष की बातें हमेशा कहने और सुनने ही नहीं, बल्कि देखने को भी मिलती है। लेकिन कम अवसर बनता है, जब दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए बेटे-बेटियों की परवरिश करने वाले पिता के संघर्ष को सम्मान मिले। शहर के वृन्दावन हाल में फादर्स डे पर लाहोटी मित्र मंडल ने पहली बार अनूठा आयोजन किया। इसमें किसी पिता ने पत्नी को खोने के बाद से दुधमुंहे बेटे और दो बेटियों का लालन-पालन करने की व्यथा बताई, तो किसी ने 8 साल की बेटी को मां और दोस्त की तरह सहयोग करते हुए मंत्रालय में ए-ग्रेड अधिकारी बनते तक मार्गदर्शक बने। ऐसे 36 पिता का सम्मान किया गया।'



**रायपुर।** मोवा निवासी हीरालाल कन्नौजे ने यादें साझा करते हुए बताया कि 2021 में पत्नी की मौत हुई। तब बड़ी बेटी 9 साल और छोटी बेटी सात साल की थी। दो महीने के दुधमुंहा बेटे को जब अम्बेडकर अस्पताल की नर्स ने पत्नी की मौत के बाद थमाया, तो ऐसा लगा जैसे दुनिया ही उजड़ गई। एक तरफ पत्नी का अंतिम संस्कार और दूसरी तरफ बेटे की देखभाल करने की नई चुनौती थी। बच्चों की परवरिश के लिए पैसे चाहिए थे। मेरे समय के तहत मार्केट में काम नहीं था। तब साइकिल से कबाड़ खरीदने और बेचने लगा। आर्थिक तंगी को दूर करने के लिए घरेलू सामान फेरी लगाकर बेचने निकलता हूं। बेटियों को मोबाइल दिया है, परेशानी होने पर फोन करती हैं। इसके बाद घर आ जाता हूं। बेटा भी साढ़े तीन साल का हो गया है।

### माता-पिता व दोस्त की तरह सजग किया

पिता ए.डब्ल्यू. हॉफमैन के साथ फादर्स डे पर सम्मान का हिस्सा बनी उनकी बेटी सना सोनम ने कहा कि जब मैं 8 साल की थी, तभी मां हमारा साथ छोड़ गई। उनकी मृत्यु के बाद पिता ने खाना खिलाने से लेकर कपड़े पहनाने का दायित्व एक मां की तरह निभाया और सिखाया। उन्होंने अच्छी शिक्षा देकर इस काबिल बनाया कि आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय में कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत हूं। इस समारोह में उस समय को याद करना, भले ही सहज लगता होगा। लेकिन, एक बेटी के रूप में मैंने अपने पिता में मां ही नहीं, बल्कि एक अच्छे दोस्त की तरह पल-पल साथ होने का एहसास किया है।

### मजबूत इच्छा शक्ति वाले होते हैं एकल पिता

अतिथि के रूप में अरस जग्गी, हीरानंद (पप्पू) दुल्हानी, के.पी.खण्डे, नंदकुमार वर्मा, धर्मेंद्र दुर्घा, सुनीता पाठक, अजंता चौधरी, सुचित्रा वर्धन और दीपिका वैष्णव मंचस्थ रही। उन्होंने कहा कि अर्धांगिनी के बिना बच्चों को माता-पिता दोनों का प्यार देने वाले एकल पिता मजबूत इच्छा शक्ति वाले होते हैं। जो तकलीफों का सामना करते हुए हर समय केवल बच्चों की खुशी और सफलता के लिए उन्हें सही दिशा में ले जाने का प्रयास करते हैं। इस दौरान जे.एस. ठाकुर, रवि पंजवानी, देवेंद्र सोनी, आलोक शर्मा, गौरव दुबे, अन्नपूर्णा शर्मा, सीमा कटंकार, अनीता चौहान ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। गौरी अवधिया, अरुणा यादव, अंजली देशपांडे, रिया तिवारी मौजूद रही।





### प्रेम किया अभिनंदन पत्र, स्मृति चिन्ह के साथ...

संस्था के संस्थापक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, संरक्षक छबिलाल सोनी और मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने इस पहल को अवसर का रूप दिया। सम्मान प्राप्त करने वालों में ऐसे पिता शामिल हुए, जिनकी पत्नी असमय दुनिया को छोड़ गई। कुछ का जीवन संगिनी के साथ तलाक हो गया, लेकिन पिता का दायित्व निभाने उन्होंने दोबारा विवाह नहीं किया और एकल पिता की जिम्मेदारी निभाते हुए बच्चों की परवरिश करके उन्हें योग्य बनाया। ऐसे प्रत्येक पिता को फ्रेम किया हुआ अभिनंदन पत्र, स्मृति चिन्ह, भगवान शिव की मूर्ति, मोतियों की माला, दुपट्टा, श्रीफल, रुमाल, पेन, थैला और नोटपैड तथा बैच भेंट किया गया।



### मन की बात जानने दोस्तों जैसा व्यवहार

*चौबे कॉलोनी निवासी अनंत धर शर्मा का सम्मान भी एकल पिता के रूप में किया गया। उन्होंने बताया कि पत्नी की जब मृत्यु हुई, तब दो बेटे और एक बेटी ऐसी उम्र के पड़ाव पर थे, जब पिता की जगह मां का होना ज्यादा जरूरी होता है। मैंने उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का प्रयास किया। दोस्तों जैसा व्यवहार किया, ताकि वे अपने मन की बात को साझा कर सकें। वहीं, महावीर नगर निवासी विजय मिश्रा ने बताया कि 2020 में पत्नी ने साथ छोड़ दिया। तब बेटा 24 और बेटी 23 साल की थी। उनके मन की बात जानने और समझने के साथ मां की तरह केयर किया। बेटे-बेटी भी आत्मनिर्भर बन चुके हैं।*



सिटी लाइव

## समाज के 300 निर्धन परिवारों को 20 साल से प्रति कार्ड 5 किलो अन्नदान



**रायपुर।** जब किसी को मदद की दरकार होती है, तो आम आदमी का ध्यान पहले सरकार की योजनाओं की तरफ जाता है। ऐसे दौर में एक समाज ऐसा भी है, जिसने आराध्य की वाणी को संकल्प बना लिया है । शहर के देवपुरी स्थित ब्रम्ह स्वरूप संत गेलाराम साहेब के बताए रास्ते पर चलते हुए गोदड़ी वाला बाबा हरदास राम सेवा मंडल से जुड़े सेवादारों के प्रयास से 20 वर्षों से समाज के 300 निर्धन परिवारों को हर कार्ड पर पांच किलो अन्नदान होता हैं। इसके लिए मंडल के मेंबर्स द्वारा ही ऐसे निर्धन परिवारों का पता लगाया जाता है, जिन्हें सही मायने में मदद की जरूरत है। ऐसे परिवारों को हर महीने की 12 तारीख को बाबा के जन्म तारीख पर ही लोगों को अन्नदान करते हैं। सेवादार अमर गिदवानी, घनश्याम माखीजा ने सेवा की जानकारी दी।

### महिला एवं पुरुष सेवादारों की भागीदारी

उन्होंने आगे बताया कि मंडल से जुड़े सेवादारों के प्रयास से प्रति कार्ड 5 किलो अनाज की दर से करीब डेढ़ टन अन्नदान हर महीने दान किया जाता है। इसमें जो लोग सक्षम हो जाते हैं, ऐसे लोग स्वतः ही कार्ड जमा करते हुए मदद की बजाय सेवा देते हैं। यह प्रक्रिया रोटेशन में अनवरत जारी रहता है। गिदवानी ने बताया कि अन्नदान के माध्यम से बाबा के बताए रास्ते पर चलते समाज के गरीब परिवारों से जुड़ने के साथ ही उन्हें आगे बढ़ाने में आसानी होती है। इस पुनीत काम में गोदड़ी वाला बाबा हरदस राम सेवा मंडल से जुड़े महिला एवं पुरुष सेवादारों की भागीदारी रहती है।

### सेवादार ही खरीदते हैं अनाज, देते हैं दान

सेवादार भरत डिंगवानी ने बताया कि गोदड़ी वाला धाम की महंत अम्मा मीरा देवी के मार्गदर्शन में सेवा का काम अनवरत मंडल के सेवादारों के प्रयास से जारी है। उन्होंने बताया कि किसी महीने में 5 किलो गेहूं तो किसी महीने में प्रति कार्ड 5 किलो चावल दिया जाता है। अनाज को खरीदने के लिए बाहर की किसी संस्था से सहयोग नहीं लिया जाता है। इसे मंडल से जुड़े सेवादार ही आपसी तालमेल से खरीदते हैं और तय तारीख पर कार्ड लेकर आने वाले परिवारों को दान करते हैं।

### दूर से आने वालों को देते हैं बस का किराया

शहर के काशीराम नगर, तेलीबांधा, कटोरा तालाब, राम नगर, लाखेनगर सहित अलग-अलग क्षेत्र से कार्ड के साथ अन्नदान लेने के लिए पहुंचने वालों को आने-जाने का 10 से 20 रुपए बस का किराया भी दिया जाता है। सेवादारों ने बताया कि इस पहल को संता बाबा गेलाराम साहेब के हाथों शुरू करवाया गया था। तब बनाई गई व्यवस्था के तहत इस सेवा कार्य को मंडल से जुड़े सेवादारों ने शुरू किया, जो विगत 20 वर्षों से अनवरत जारी है। सेवादार स्वतः सहयोग भी देते हैं।

## आदित्यान्वेषण शिविर में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक, विभिन्न कलाओं का लिया प्रशिक्षण

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर 'आदित्यान्वेषण' का समापन बीएमवाई रेलवे स्कूल के मुक्ताकाशी मंच पर हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग व उनकी पत्नी अनुप्रिया गर्ग उपस्थित रहीं। श्री गर्ग ने कहा कि यह शिविर उगते सूरज की तरह उभरती प्रतिभाओं को तराशने का माध्यम है। मुख्य अतिथि आदित्य कुमार ने कहा, आज के समय में बच्चे मोबाइल पर अधिक समय व्यर्थ करते हैं। ऐसे प्रशिक्षण शिविर उन्हें रचनात्मक दिशा देकर उनके भीतर छिपी कला को उजागर करने का मंच देते हैं।



### शिविर बना प्रतिभा और संस्कृति का संगम

इस ग्रीष्मकालीन शिविर में 90 से अधिक रेलवे व गैर-रेलवे परिवारों के बच्चों ने भाग लिया। उन्हें नाट्य, नृत्य, संगीत, चित्रकला सहित विभिन्न कलाओं में प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से लगभग 50 चयनित प्रतिभागियों ने कला साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ के विशेषज्ञों के निर्देशन में नाटक लेखन, निर्देशन, अभिनय, गायन एवं नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी।प्रमुख प्रस्तुतियों में बूढ़ी काकी, सरपंच कप क्रिकेट लीग, पालन-पोषण जैसे नाटकों के साथ छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, प्रेरणादायक गीत तू जिंदा है और देशभक्ति गीतों का मैशअप शामिल रहा। मंच पर कु. दिया, नियति, भावना, गीतांजलि, स्वरा सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## जिस घर में बुजुर्ग हंसते-मुस्कुराते हैं, वह घर स्वर्ग, खुशहाली के लिए उन्हें दें सम्मान

**रायपुर।** वरिष्ठ नागरिक महासंघ के तत्वावधान में विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया गया। सियान सदन कृष्णा नगर में जन जागरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। महासंघ के सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन, क्रेडा के पूर्व सदस्य विजय साहू, मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल, शंकरलाल देवांगन, डॉ. बी. लक्ष्मीनारायण, बलबीर सिंह सहगल मंच पर विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि उम्र के अंतिम पड़ाव में बुजुर्गों को अनेक शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ता है। उनके साथ दुर्व्यवहार न करें। इस अवस्था में



उन्हें परिवार और समाज का सहारा, अपनापन एवं मान सम्मान की जरूरत होती है। इसलिए बुजुर्गों की खुशहाली के लिए उन्हें अपनापन एवं सम्मान दें। सलाहकार घनश्याम देवांगन ने कहा कि बड़े-बुजुर्ग ज्ञान एवं अनुभवों का भंडार होते हैं। भावी पीढ़ी अपनी बेहतरी के लिए बुजुर्गों के अनुभवों का लाभ उठा सकती है। बुजुर्गों को दुख एवं अवसाद से बचाने के लिए उनकी उपेक्षा एवं अपमान न करें। उन्हें प्यार एवं सम्मान दें। उन्होंने कहा कि जिस घर में बुजुर्ग हंसते मुस्कुराते हैं, वह घर स्वर्ग की तरह होता है।

नवप्रवेशी बच्चों के स्कूल जाने से पहले माता-पिता ने तैयार किया बैग

# पहली बार स्कूल जा रहे बच्चों के पैरेंट्स ने की तैयारी, नौनिहालों का आज शाला प्रवेश उत्सव

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** स्कूलों में आज शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। पहली बार नर्सरी व कक्षा 1 में नवप्रवेशी नौनिहालों का शिक्षकगण गुलाल लगाकर शाला में स्वागत करेंगे। वहीं, पैरेंट्स ने पहली बार स्कूल की दहलीज पर कदम रखने वाले अपने बच्चे की शाला प्रवेश को लेकर पूरी तैयारी की हैं।

बच्चों की स्टेशनरी से लेकर उनके खाने-पीने की सामानों की खरीदारी महीने भर पहले से ही पैरेंट्स ने कर ली थी। ताकि, शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों की स्कूल बैग में रबर, पेंसिल, कापी, बैग, लंच बॉक्स, पानी बॉटल जैसे जरूरी सामानों की कमी न रह जाए। पैरेंट्स ने बच्चों को किसी भी चीज की कमी न हो, इस बात का पूरा ध्यान के साथ स्कूल जाने की तैयारी की हुई है। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग की तरफ से स्कूली



शिक्षा सत्र 2025-26 का सोमवार 16 जून से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों ने शाला प्रवेश उत्सव की व्यापक तैयारी कर रखी है। सोमवार सुबह 7 बजे से ही स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा। जहां पहली बार स्कूल आने वाले नन्हें विद्यार्थियों की स्वागत किया जाएगा। सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में नवप्रवेशी बालक-बालिकाएं पैरेंट्स के साथ पहुंचेंगे। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि सीजी बोर्ड के सभी प्राइवेट स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। जहां नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा।

### नर्सरी में पहली बार स्कूल जाएगी इशिका

कोटा निवासी उमेश वर्मा ने बताया कि उनकी बेटी इशिका वर्मा पहली बार नर्सरी कक्षा में प्रवेश करेगी। इसको लेकर हमने पूरी तैयारी की है। बेटी के लिए स्कूल बैग, जूते-मोजे, लंच बॉक्स, पानी बॉटल, स्टेशनरी में रबर, पेंसिल, कंपाक्स बॉक्स, कापी, बुक्स किसी भी चीज की कमी नहीं की है। हमें बहुत खुशी है कि हमारी बेटी इशिका अपने उज्जवल भविष्य की ओर अपनी पहली कदम बढ़ा रही है। ये ही नन्हें बच्चे देश का भविष्य हैं, जिनको संवारने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। शाला में इन्हीं नन्हें बच्चों को शिक्षकगण शिक्षा व संस्कार देकर देश का जिम्मेदार नागरिक बनने में भूमिका निभाएंगे।

### समय पर स्कूल पहुंचना, इसलिए जल्दी सोने गए

सड्डू निवासी पुरुषोत्तम ध्रुव व पूर्णिमा ध्रुव अपने बच्चे नमन ध्रुव को नर्सरी कक्षा में प्रवेश कराए हैं। आज नमन पहली बार अपनी स्कूल जाएगा। नमन के पैरेंट्स ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव को लेकर स्टेशनरी से लेकर यूनिफार्म सभी जरूरी सामनों की खरीदारी पहले से ही कर रखी है। साथ ही नमन को उसके स्कूल भवन को दिखाने दिन में ले गया था, ताकि जब कक्षा के लिए आए तो पहले ही स्कूल से परिचित हो जाए। चूंकि सुबह जल्दी जगना है, इसके लिए रात में डिनर करा कर जल्दी सोने की तैयारी कर ली, ताकि सुबह समय पर नमन अपनी स्कूल पहुंच सके।

**सिटी लाइव**

# ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ते मामले जागरूकता अभियान शुरू



**रायपुर।** भारत में ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय स्ट्रोक एसोसिएशन, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस, सीजीएपी रायपुर चैप्टर और एसईएमआई ने मिलकर "ब्रेन स्ट्रोक : अब समय है एक्शन का" नाम से एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मकसद है डॉक्टरों और आम लोगों को स्ट्रोक के लक्षण जल्दी पहचानने और समय पर इलाज करने के लिए जागरूक करना। अभियान के तहत डॉक्टरों के लिए ट्रेनिंग (सीएमई), कार्यशालाएं और आम जनता के लिए जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं, ताकि लोग स्ट्रोक को लेकर सतर्क रहें और समय पर इलाज पा सकें। भारतीय स्ट्रोक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पी. विजया ने कहा कि ब्रेन स्ट्रोक होने पर तुरंत इलाज बहुत जरूरी है।

### देशभर में चलाया जाएगा अभियान

अगर स्ट्रोक खून के थक्के से हुआ हो तो उसे ठीक करने के लिए एक इंजेक्शन (आईवी थ्रोम्बोलिसिस) दिया जाता है, लेकिन यह इलाज लक्षण शुरू होने के 4-5 घंटे के अंदर ही काम करता है। हर मिनट में 20 लाख ब्रेन सेल्स (न्यूरॉन्स) नष्ट हो जाते हैं, इसलिए हर सेकंड कीमती है। भारतीय स्ट्रोक एसोसिएशन के सचिव डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि यह अभियान देशभर में चलाया जाएगा। इसी दौरान वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. संजय शर्मा, इमरजेंसी चिकित्सक डॉ. संतोष सिंह और विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे डॉक्टर स्ट्रोक के मरीजों को जल्दी पहचान कर इलाज कर सकते हैं। उन्होंने स्ट्रोक दोबारा होने से बचाव और बच्चों में होने वाले स्ट्रोक के बारे में भी जानकारी दी।

**समाज लाइव**

# कुनबी महापंचायत का भवन बनाने दस लाख देने सांसद ने की घोषणा



**रायपुर।** रविवार को वृन्दावन हाल में छत्तीसगढ़ प्रदेश कुनबी समाज महा संगठन द्वारा महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें संरक्षक एसएस ब्राह्मणकर, भाजपा के प्रवक्ता उमेश घोरमोडे, सचिव अमित डोये और प्रदेश अध्यक्ष रंजीत भाऊ मुनेश्वर ने शिवाजी महाराज को माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर आयोजन का आगाज किया। छत्रपति शिवाजी महाराज के जयकारे के साथ पहले सत्र में समाज की पूर्व एवं वर्तमान कार्यों की जानकारी दी गई। जिला अध्यक्षों ने अपने अंचल की गतिविधियों और विषयों पर अपनी राय जाहिर की मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समाज की मातृशक्ति से आव्हान किया कि वे अपनी संतानों को संस्कारवान बनाने के लिए उनका मार्गदर्शन करें, ताकि वे एक अच्छा नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि समाज को जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, बीमारों के इलाज और गरीब कन्याओं के विवाह की व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए, ताकि समाज को एकता का महत्व समझ में आए। कुनबी समाज के भवन निर्माण को गति देने उन्होंने 10 लाख रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा की। इसके बाद अध्यक्ष रंजीत मुनेश्वर ने आभार व्यक्त किया।

### विद्यार्थियों और 51 बहुओं का सम्मान

इसके साथ ही वर्षों से सास- ससुर के साथ रहने वाली 51बहुओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दसवीं और बारहवीं में 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को भी प्रतीक चिन्ह देकर सांसद ने सम्मानित किया।

**हिपहॉप म्यूजिक की दुनिया का बादशाह बनने सिटी यूथ में जुनून, यूट्यूब प्लेटफार्म पर परफार्मेंस से लोकप्रिय बनने क्रेजी**

# युवाओं को भा रहा रैप और हिपहॉप खुद लिख रहे गीत, बना रहे म्यूजिक



*रायपुर। शहर के युवा आज अपने पसंदीदा क्षेत्रों में कॅरियर संवारने के लिए पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। खासतौर पर कला, गीत-संगीत, नृत्य और अभिनय जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में युवाओं का झुकाव तेजी से बढ़ा है। इन्हीं में से एक नया और तेज़ी से लोकप्रिय होता रुझान हैरैप सांग और हिप-हॉप म्यूजिक। हनी सिंह, बादशाह और रफ्तार जैसे मशहूर रैपर्स से प्रेरणा लेते हुए शहर के युवाओं में रैप राइटिंग, सिंगिंग और म्यूजिक कंपोजिंग का जबरदस्त जुनून देखा जा रहा है। वे खुद को एक पहचान दिलाने के लिए यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को अपना मंच बना रहे हैं और अपनी रचनाओं को वीडियो व ऑडियो के रूप में अपलोड कर रहे हैं। इसके माध्यम से वे लोगों के बीच तेजी से लोकप्रियता भी हासिल कर रहे हैं।*

### दोस्त को चिढ़ाने बनाया सांग अब हर गाने पर हजारों व्यूव

शहर के यूट्यूब रैप सिंगर प्रियांशु उर्फ रफैला ने बताया कि 2018 में स्कूल समय में जब मैं दोस्तों को चिढ़ाने रैप सिंगर्स के गाए गानों को अपने अंदाज में रैप स्टाइल में गाकर मस्ती किया करता था, तब दोस्तों ने सलाह दी कि मुझे रैप सांग परफार्म वाली ऑडियो-वीडियो यूट्यूब पर अपलोड कर देखना चाहिए। इसके बाद दोस्तों के साथ मिलकर रैप सांग लिखकर खुद ही म्यूजिक कंपोज किया। फिर 10 गीतों की मिक्स रैप सांग यूट्यूब पर अपलोड किया, इससे व्यूवर की अच्छा प्यार मिला। यूट्यूब पर अच्छे व्यूव मिलने के बाद मेरा हौसला बढ़ा। अब खुद की म्यूजिक स्टूडियो दोस्तों के साथ मिलकर बनाने की तैयारी चल रही है। जहां पर बेस्ट रैप सांग, हीप-हाप म्यूजिक कंपोज करेंगे।

### रैप बैटल शो से मिली पहचान, अब खुद के पैसों से बना रहे वीडियो

सिंगर अर्थ ने बताया कि ग्रेजुएशन के दौरान ही उन्हें रैप सॉन्ग लिखने और हीप-हॉप म्यूजिक में दिलचस्पी हो गई थी। यह शौक तब जुनून में बदल गया जब कोविड पीरियड 2020 में एक ऑनलाइन रैप बैटल शो में हिस्सा लिया और बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए 5 हजार रुपये का रिवार्ड मिला।इसके बाद अर्थ ने यूट्यूब पर रैप सॉन्ग वीडियो अपलोड करने शुरू किए। उन्होंने बताया, "एक वीडियो और म्यूजिक कंपोजिंग का खर्च करीब 25 हजार तक आता है। इसलिए मैं जॉब करता हूं ताकि अपने शौक को अपने दम पर पूरा कर सकूं।" अर्थ खुद रैप लिखते हैं, म्यूजिक बनाते हैं और वीडियो तैयार कर यूट्यूब पर अपलोड करते हैं। हाल ही में उन्होंने नवा रायपुर स्थित ट्रिपल आईटी में रैप इवेंट में और एमटीवी के कंटेस्टेंट्स के सामने 400 ऑडियंस के बीच परफॉर्मेंस दी। अर्थ के मुताबिक उनके कुछ नए रैप सांग वीडियो जल्द ही रिलीज होने वाले हैं।





### कंप्यूटर इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ बन गया रैप सिंगर

युवा रैप सिंगर रोहन राव ने हनी सिंह और बादशाह के गानों से प्रेरणा लेकर अपने रैप सफर की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि साल 2015 में 11वीं कक्षा में पढ़ते समय ही रैप म्यूजिक का शौक लग गया था। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए चेन्नई जाने के बाद भी यह जुनून बरकरार रहा। साल 2021 में जॉब के साथ पहला रैप ऑडियो यूट्यूब पर अपलोड किया, जिसे 8 हजार व्यूव मिले। 2024 में आए रैप सांग 'ग्रैंड एंट्री' को 1 लाख से ज्यादा व्यूव मिले। हाल ही में रिलीज हुआ उनका नया सांग 'रायपुर ड्रिल्ल' भी यूट्यूब पर लोकप्रिय हो रहा है। रोहन का कहना है, "मेरा सपना है कि मैं भी हनी सिंह और बादशाह की तरह रैप म्यूजिक में अपनी पहचान बनाऊं। इसी मकसद से लगातार लिख रहा हूं और म्यूजिक कंपोजिंग सीख रहा हूं।"

# जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के लिए सजने लगे रथ, मंदिर में तैयारी



**रायपुर।** कोटा स्थित जगन्नाथ मंदिर में इन दिनों रथयात्रा आयोजन समिति ने उत्सव की तैयारी शुरू की है। संयोजक पारेश्वर बाघ ने बताया कि इस वर्ष 27 जून को होने वाले महाप्रभु जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने बताया कि यह रथयात्रा हिंदू धर्म में अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। इसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की शोभायात्रा निकाली जाती है। इस अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भी किया जाएगा। इसमें सभी समुदाय के लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस साल श्रद्धालुओं के लिए भी बेहतर इंतजाम किया जा रहा है। इस पवित्र यात्रा में बढ़-चढ़कर लोग भाग लेते हैं। इसके चलते भक्तों की भीड़ इस बार भी आयोजित रथयात्रा उत्सव में बढ़ने वाली है।



### रथयात्रा उत्सव को सफल बनाने पहल

इस अवसर को खास बनाने के लिए आयोजन समिति के संयोजक पारेश्वर बाघ सहित घासी राम बाघ, बेनुधर छुरा, डैनी हरपाल, विकास हरपाल, निलेश बाघ, निखिल बाघ, खिरोद हरपाल, पुलकित बाघ की टीम काम कर रही है। महिला श्रद्धालुओं की बेहतरी के लिए देवयानी बाघ, बबीता छुरा, रीना बाघ, डोली सोना, इंदुमती बाघ, खीरा बाई ताण्डी को जिम्मेदारी बांटी गई है। इनके मार्गदर्शन में 27 जून को धूमधाम से रथयात्रा उत्सव मनाया जाएगा। इसमें रीता ताण्डी, धोनो नायक के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय मेंबर्स की भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सक्रिय सहयोग देंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर दर्शन-पूजन के बाद गुरु ने बताया जीवन सार



**रायपुर।** श्री ब्रह्मलोक आश्रम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सद्गुरु महाराज के जयकारे की गूंज रही। सुधांशु जी महाराज एक दिवसीय महोत्सव में रविवार को छत्तीसगढ़ प्रवास में पहुंचे। उनके पुण्य दर्शन और आशीर्वचन सुनने के लिए हजारों की संख्या में महाराज के शिष्य ब्रह्मलोक आश्रम पहुंचे। सभागार में गुरुदेव के पहुंचते ही सद्गुरु महाराज का जयघोष सत्संग स्थल में गूंजायमान हुआ। गुरुदेव को सामने में प्रत्यक्ष देखकर सभी शिष्य भाव विभोर थे। महाराज ने प्रवचन की शुरुआत ॐ श्री गुरुवे नमः स्त्रोत का पाठ करते हुए गुरु महिमा का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा कि गुरु जीवन को सुधार सकते हैं। सानिध्य भी आसानी से नहीं मिलता, क्योंकि आसानी से मिली चीज आसानी से ही चली भी जाती है।

### गुरु मंत्र की महिमा पर डाला प्रकाश

महाराज ने कहा कि गुरु परमात्मा की योजना के तहत आते हैं। परमात्मा अपने काम के लिए कुछ आत्मा को चुनकर भेजते हैं। उन्होंने जीवन को सुधारने के लिए तीन बातों का जिक्र किया। इसमें स्वयं को सुधारने के साथ सेहत का ख्याल रखने और घर में सुख, शांति, प्रेम का वातावरण बनाने की सलाह दी। महाराज ने कहा कि हम स्वयं सुधर जाएं तो दूसरे किसी को सुधारने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। सुखी जीवन जीने के लिए कुछ भूलना है, कुछ याद करना है। गुरु मंत्र की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु मंत्र का जाप कीजिए। कहीं और भी नहीं जा सकते तो घर में बैठकर मंत्र जाप करें। कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं है।




# बच्चों ने लिया संकल्प- चातुर्मास में धर्म आराधना से जुड़ेंगे साधु-साध्वियों के सानिध्य में करेंगे धार्मिक अनुष्ठान

**रायपुर।** आचार्य श्रीजिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्रीसीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में रविवार सुबह से ही बच्चों ने आगामी चातुर्मास में धर्म आराधना से जुड़ने का संकल्प लिया।

पूर्वाभ्यास के रूप में जिनपूजन व गुरुवंदना का अभ्यास भी किया। श्रीसीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि आगामी 9 जुलाई से जैन धर्म का चातुर्मास आरम्भ होने जा रहा है। जैन धर्म में भगवान महावीर स्वामी ने चतुर्विध संघ के लिए वर्षावास के चार माह एक स्थान में रहकर धार्मिक क्रियाओं में जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया है। जैन साधु-साध्वियों के लिए चातुर्मास काल में निश्चित सीमा के बाहर विचरण प्रतिबंधित रहता है। एक नगर में रहकर स्वयं भी साधना करना है व जनसमुदाय को धार्मिक अनुष्ठान से जोड़ना होता है। राजधानी रायपुर में इस वर्ष जैन दादाबाड़ी एमजी रोड़ में जैन साध्वी श्रीहंसकीर्ति, ज्ञानवल्लभ उपाश्रय विवेकानंद नगर में उपाध्याय श्रीमहेन्द्र सागर , महावीर जिनालय न्यू राजेन्द्र नगर में उपाध्याय श्रीमनीष सागर, हिरसूरी भवन भैरव सोसायटी में श्रीप्रियदर्शी विजय गुरुभगवंतों का चातुर्मास होगा। चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में रविवार को बच्चों ने चातुर्मास में विराजमान साधु-संतों के सानिध्य में धर्म आराधना करने का निश्चय दोहराया है।



सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी में एकत्र होकर जिन पूजन गुरु वंदना का अभ्यास किया

### ऐसे रहेंगे आराधना की समय सारिणी

*श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में चातुर्मास आरम्भ 9 जुलाई बुधवार, गुरुपूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार, 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप सोमवार 28 जुलाई से 17 अगस्त रविवार तक, पर्युषण पर्व 20 अगस्त बुधवार से प्रारंभ, 24 अगस्त रविवार महावीर जन्मवांचन, 27 अगस्त बुधवार संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा।*



## सिटी स्पोर्ट्स

### सीसीपीएल में कार्तिक का शानदार प्रदर्शन, जड़े 3 चौके और दो छक्के



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) 2025 सीजन-2 के अंतर्गत बस्तर बायसन की और से खेलते हुए सेमीफाइनल में कार्तिक नायडू का शानदार प्रदर्शन रहा। बस्तर बायसन की टीम ने पहले मैच में सरगुजा टाइगर्स को 8 विकेट से पराजित किया दूसरे मैच में बिलासपुर बुल्स को पांच विकेट से पराजित किया। तीसरे मैच में रायगढ़ लायंस को तीन विकेट से पराजित किया। चौथे मैच में रायपुर राइनोज को दो विकेट से पराजित किया। अंतिम लीग मैच में बस्तर बायसन की टीम राजनंदगांव पैंथर से 10 विकेट से पराजित हुई एवं सेमी फाइनल में बस्तर बायसन की टीम राजनांदगांव पैंथर से नजदीकी मुकाबले में 5 विकेट से पराजित हुई। पहले बल्लेबाजी करते हुए बस्तर बायसन की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 198 रन बनाएं। कार्तिक नायडू ने 18 गेंद पर 33 रन बनाएं, जिसमें 3 चौके एवं दो छक्के शामिल हैं। जवाबी पारी खेलते हुए राजनंदगांव पैंथर्स की टीम ने 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन बनाएं। कार्तिक नायडू ने गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए, कार्तिक नायडू शांति नगर स्थित गजानंद नायडू क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी हैं जो कि अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बीएसपी की टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेंस अंडर 23 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत 16 जनवरी को खेले जाने वाले अंतिम लीग मैच में बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर मे नॉर्थ जोन एवं वेस्ट जोन तथा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में सेंट्रल जोन एवं साउथ जोन के मध्य मैच खेले जाएंगे।

### राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से शुभम और श्रेया



**रायपुर।** अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन कोच्चि केरल में 12 से 15 जून तक आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका टीम में महासमुंद जिले से शुभम तिवारी एवं श्रेया घोष शामिल है। छत्तीसगढ़ टीम का चयन पंत स्टेडियम भिलाई में 28 मई को आयोजित ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। जिले में बास्केटबॉल खेल का विकास गति पर है जिसमें भारतीय टीम में दिव्या रंगारी का बेहतर प्रदर्शन कर इंडिया टीम के लिए खेलना, साईं सेंटर में चयन, खेल अकादमी में चयन, जिले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, नियमित अभ्यास से खेलों में सुधार होने से खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने के साथ ही पदक जीतने में सफल हुए हैं। राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जिले से शुभम एवं श्रेया का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे ने शुभकामनाएं दी है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्केटिंग टीम का शानदार प्रदर्शन, जीते 7 मेडल



**रायपुर।** पहला छत्तीसगढ़ स्टेट रोड रैंकिंग स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन बिलासपुर में किया गया, जिसमें पूरे प्रदेश से खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में रायगढ़ स्केटिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए। पदक विजेता खिलाड़ी में हितेंद्र साहू–2 गोल्ड मेडल, हेयांश सांगतानी–2 सिल्वर मेडल, वनिष्का कुमारी–2 सिल्वर मेडल, मोक्ष गोस्वामी–1 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इनके अलावा नविका पाल, कियांश कुमार, प्रम प्रतीक प्रधान, और अनुभव बेहेरा ने भी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सहज अग्रवाल, सचिव विकास कुमार श्रीवास, कोषाध्यक्ष श्रीमती पूजा श्रीवास, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, विकास रंजन, साकेत पांडे, सदस्य उमेश कुमार आदि सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## बहुत सी समस्याएं ऐसी हैं जिन पर बात नहीं करते पुरुष

# शरीर से जुड़ी बहुत सी दिक्कतों को अक्सर छुपा लेते हैं पुरुष, वक्त रहते कीजिए कारगर इलाज

सुनने में भले ही ये अजीब लगे लेकिन ये सच है। शरीर के जुड़ी कई ऐसी परेशानियां हैं, जिनके बारे में पुरुष किसी से बात करना पसंद नहीं करते। यहां हम आपको उन्हीं दिक्कतों का हल बताने जा रहे हैं। महिलाएं अपनी दिक्कत एक-दूसरे से साझा कर लेती हैं, लेकिन जब बात आती है पुरुषों की तो उनके लिए अपनी पर्सनल दिक्कतों के बारे में हर किसी से बात करना आसान नहीं होता। कई बार तो कुछ ऐसी बातें होती हैं, जिस बारे में पुरुष अपने अपनों से भी खुलकर बात नहीं कर पाते। ये दिक्कतें ज्यादातर उनके शरीर से जुड़ी होती हैं। इसी परेशानी को देखते हुए हम आपको कुछ ऐसी ही दिक्कतों और साथ में उनके हल के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आपको किसी से बात भी करने की जरूरत न पड़े और आपकी समस्या का हल भी मिल जाए।

### दिक्कत - अत्यधिक पसीना

हल - यदि आपको काफी ज्यादा पसीना आता है तो कपड़े पहनने से पहले बर्फ से सिकाई करें। ये त्वचा के पोर्स को ब्लॉक करके पसीनो को काफी समय तक रोकने का काम करती है। इसके अलावा कॉटन के कपड़े पहनें, ताकि आपका पसीना आए तो जल्द ही सूख भी जाए। इसके बाद भी पसीना काफी परेशान कर रहा है तो जरूरत हो तो डॉक्टर से सलाह लें।



### दिक्कत- पसीने से रैशेज

हल - महिलाओं के मुकाबले पुरुषों को पसीना काफी ज्यादा आता है। ऐसे में इसकी वजह से अक्सर उन्हें शरीर पर रैशेज हो जाते हैं। पर वो इस बारे में किसी से कह नहीं पाते। यदि आपके साथ भी ऐसी दिक्कत हो रही है तो इन रैशेज पर एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। इससे आपको जलन से राहत मिलेगी। जितना हो सके ऐसे कपड़े पहनें, जो हवादार हों।

### दिक्कत - पसीने की बदबू

हल- बहुत से पुरुष इस बात से परेशान रहते हैं कि उनके पसीने में बदबू काफी ज्यादा आती है। ऐसे में आप चाहें तो अपने नहाने के पानी में नीम की पत्तियां डाल सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले नीम की पत्तियों को थोड़े से पानी में डालकर उबाल लें। अब इस पानी को नहाने के पानी में मिक्स करें। इससे पसीने की बदबू कंट्रोल हो जाएगी।



### दिक्कत- पैरों की दुर्गंध

हल- जो पुरुष जूते पहनते हैं, ये दिक्कत अक्सर उन्हीं लड़कों के सामने आती है। दरअसल, ज्यादा देर तक जूते पहनने से पैरों में बैक्टीरिया जमने लगते हैं, ऐसे में अपने पैरों को नमक के पानी में डुबो कर रखें। इसके अलावा आप चाहें तो जूतों में थोड़ा सा बेकिंग सोडा छिड़क सकते हैं। इससे भी पैरों की बदबू एकदम गायब सी हो जाती है।



### दिक्कत- फटी एड़ियां

हल- हमेशा जूते पहनने से पुरुषों के पैरों की एड़ियां फटने लगती हैं। इसको ठीक करने के लिए आपको ग्लिसरीन को रातभर के लिए पैरों पर अप्लाई करना है। सोने से पहले अपने पैरों को पहले अच्छी तरह से धोएं और फिर उस पर ग्लिसरीन को अप्लाई करें। अब इसे ऐसे ही रहने दें। हर रोज ऐसा करने से आपकी फटी एड़ियां ठीक हो जाएंगी।

### दिक्कत - सही से दाढ़ी न आना

हल- यदि आपके चेहरे पर भी सही से दाढ़ी नहीं आती है तो हमारा बताया नुस्खा आजमाकर देख लें। इसके लिए सबसे पहले एक बाउल में नींबू का रस और तेल को अच्छे से मिक्स करें। अब इस पेस्ट को दाढ़ी की जगह अप्लाई करें।

## घर पर आसान तरीके से बनाएं जामुन का सिरका, बाजार का लाने की जरूरत नहीं



यदि आप जामुन का सिरका इस्तेमाल करते हैं तो इसे घर में तैयार करना बेहद आसान है। इन दिनों जामुन का सीजन चल रहा है तो एक बार आप भी जरूर ट्राई करके देखें।

सबसे पहले आपको जामुन लेकर उनको अच्छी तरह धो लेना है। अब इन जामुन को करीब आधे घंटे के लिए पानी में डाल दें। इसके बाद जामुन को पानी से निकालकर एक बर्तन में निकालें। अब सभी जामुन को हाथों की मदद से मसल लें और गूदा और बीज अलग कर दें। सभी जामुन अच्छी तरह मसल लेने के बाद गुठली को निकालकर हटा दें। गूदा एक पतले कपड़े में भरें और जामुन फिर मसलें। अब कपड़े को बांधते हुए निचोड़कर रस निकाल लें। बचे हुए गूदे को एक छलनी में डालकर पानी डालते हुए बाकि का भी रस निकाल लें। रस को आप एक प्लास्टिक का कांच के जार में भरकर करीब एक महीने के लिए धूप में रखें। ध्यान रहे आपको इस डिब्बे को बार-बार खोलकर नहीं देखना है ताकि इसमें हवा न लगे। आप एक महीने से ज्यादा समय के लिए भी इसे रख सकती हैं। एक महीने के बाद जब आप इसे खोलकर देखेंगी तो इसके ऊपर एक परत बना जाएगी। इसको आप छानकर दूसरे डिब्बे में भर लें।आपका सिरका बनकर तैयार है अब आप इसमें ऊपर से सूखी लाल मिर्च, साबुत लहसुन, कच्चे आम के टुकड़े डाल सकती हैं। ध्यान रहे आप साबुत लाल मिर्च और लहसुन को थोड़ा भूनकर डालें। आप इस सिरके को तीन-चार साल तक स्टोर करके रख सकती हैं।

### बनाते समय ध्यान रखें ये टिप्स

हमेशा सिरका बनाने के लिए गूदेदार जामुन खरीदें। सिरके के लिए जामुन थोड़े मुलायम रहेंगे तो सही स्वाद आएगा और वो आसानी से मसल जाएंगे।सिरका बन जाने के बाद आपको इसे धूप में भी रखना है।साथ ही, इस बात का भी ध्यान रखना है कि डिब्बे के अंदर नमी और हवा नहीं जाए।

## घर में काले रंग का सामान किस हद तक करें इस्तेमाल

वास्तु शास्त्र में रंगों का प्रभाव भी विशेष माना जाता है। क्या आपके भी घर में ज्यादातर काले रंग के सामान रखें हुए हैं तो इनके इस्तेमाल में कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि काले रंग के सामान को रखने के दौरान किन नियमों का पालन करना जरूरी है।

वास्तु के अनुसार, काला रंग दक्षिण-पश्चिम दिशा में थोड़ा बेहतर माना जा सकता है, क्योंकि यह जगह स्थिरता और शक्ति से जुड़ी होती है। हालांकि, ध्यान रखें कि काले रंग का अत्यधिक प्रयोग नहीं करें, बल्कि संयमित रूप से उपयोग करें। अगर आपके भी घर में काले रंग के सामान अधिक हैं, तो इसे एकसाथ न रखें। एकसाथ काले रंग के सामान न रखें। इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव अधिक बढ़ सकता है और ग्रहदोष लग सकता है।

काले रंग के ऑब्जेक्ट्स जैसे काले फर्नीचर, दीवारें या डेकोर का उपयोग मुख्य रूप से कमरों में नहीं करना चाहिए जहां लोग आराम करते हैं या सोते हैं, जैसे कि बेडरूम और ड्राइंग रूम। इसे लिविंग रूम या स्टडी रूम जैसी जगहों में उपयोग किया जा सकता है। अगर आप घर में कोई भी काले रंग का सामान रख रहे हैं तो उसे किसी कपड़े से ढककर रखें। इससे घर में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आएगी और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अगर आप जिस भी दिशा में काले रंग के सामान रख रहे हैं, उस स्थान की साफ-सफाई हमेशा जरूर करें।





### राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप में बस्तर के युवराज छठवीं बार बने नेशनल चैंपियन

**रायपुर।** यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) के तत्वाधान में हरियाणा स्पोर्ट्स म्यू थाई एसोसिएसन (एचएसएमए) के द्वारा राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 09 से 14 जून तक महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के इंडोर स्टेडियम, रोहतक (हरियाणा) में किया गया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन रायपुर की भार्गवी उइके ने राजस्थान के खिलाड़ी को परास्त कर छत्तीसगढ़ को दूसरा स्वर्ण दिलाया वही रायपुर के ही प्रवीण कृष्ण जायसवाल ने भी असम के खिलाड़ी को फाइनल में हराकर तीसरा स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ की झोली में डाल दिया। जगदलपुर के युवराज ने बिहार के खिलाड़ी को फाइनल में नॉक आउट कर लगातार छठवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बन छत्तीसगढ़ को चौथा स्वर्ण दिलाया और वाए क्रू इवेन्ट में कांस्य पदक जीत कर दोहरी सफलता हासिल की।

छत्तीसगढ़ को पांचवा और अन्तिम स्वर्ण पदक दंतेवाड़ा खेल विभाग की कोच टिकेश्वरी साहू ने वाए क्रू इवेन्ट में मेघालय की खिलाड़ी को परास्त कर दिलाया। फाइनल में छत्तीसगढ़ के 16 खिलाड़ी स्वर्ण से चूके और रजत पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के पदकों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की। वही छत्तीसगढ़ के 14 खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंदियों से परास्त होकर फाइनल में नही पहुँच सके और कांस्य पदक प्राप्त कर राज्य के कुल पदकों की संख्या 35 पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 1150 खिलाड़ी, अधिकारी शामिल हुए। समापन और पुरुस्कार वितरण की मुख्य अतिथि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की संयुक्त सचिव डॉ अलकनन्दा अशोक थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूएमएआई के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने की। विशेष अतिथि हरियाणा स्पोर्ट्स काउंसिल के निर्देशक डॉ अशोक और यूएमएआई के महासचिव श्रीराम चौधरी सहित सभी पदाधिकारी थे।

समापन समारोह में छत्तीसगढ़ म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन का विशेष सम्मान किया गया, वहीं निर्णायक मण्डल से राज्य के प्रणव शंकर साहू, सुश्री हरबंश कौर और अमन यादव को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। हाल ही में 23 मई से 01 जून को अंटालिया (टर्की) में सम्पन्न विश्व म्यूथाई चैंपियनशिप में भारत के लिए कांस्य पदक जितने वाली टिकेश्वरी साहू को भी आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के पदक विजेताओं में स्वर्ण पदक-आरवी अवस्थी (बस्तर, अंडर-10 वर्ष, -25किग्रा), भार्गवी उइके (रायपुर, 14–15 वर्ष, -57किग्रा), युवराज सिंह (बस्तर, 16–17वर्ष, -86किग्रा), प्रवीण कृष्ण जायसवाल (रायपुर, +23वर्ष, -81किग्रा), टिकेश्वरी साहू (दंतेवाड़ा +23 वर्ष, वाए क्रू इवेन्ट), रजत पदक-ऐशिनी वर्मा (रायपुर, 10 – 11वर्ष, -30किग्रा), अन्वी जैन (बस्तर, 12–13वर्ष, -40किग्रा), हिमानी डड़सेना (बालोद, 12–13वर्ष, -44किग्रा), भुनेश्वरी महावीर (बस्तर, 14–15 वर्ष, -38किग्रा), समिधा अग्रवाल (रायपुर, 14–15वर्ष, वाए क्रू), वेदांशी ठाकुर (बस्तर, 14 – 15 वर्ष,-48किग्रा), खुशबू कश्यप (बस्तर,16–17वर्ष,-45किग्रा), गीताक्षी श्रीवास (बस्तर, 16–17वर्ष, -57किग्रा), दिव्या अग्रवाल (रायपुर, +23वर्ष, -45किग्रा), वाणी (बस्तर, +23वर्ष, -60किग्रा), नित्यम कुमार (रायपुर,-9वर्ष, -28किग्रा), खुशाग्र कुमार साहू (रायपुर, 10 –11वर्ष, 44किग्रा), एलेक्स कुमार (बस्तर, 12 -13वर्ष, -40किग्रा), अर्चित केशवानी (रायपुर, 12 -13वर्ष, -52किग्रा), कार्तिक वर्मा (रायपुर, 16 -17वर्ष, -48किग्रा), आदित्य सोलंकी (रायपुर, अंडर-23वर्ष, वाए क्रू इवेन्ट),कांस्य पदक-गरिमा नाग (बस्तर, 14 – 15वर्ष, -40किग्रा), साधिके दुबे (बालोद, 14 – 15वर्ष, -51किग्रा), जिया जायसवाल (बालोद, 16 – 17वर्ष, -48किग्रा), मानसी तांडी (रायपुर,– 23वर्ष, वाए क्रू), वुक्केम विक्टर लेनिन चैतन्य (बस्तर, 10 -11वर्ष, -30किग्रा), शौर्य सिंह ठाकुर (बस्तर, 12 -13वर्ष, -48किग्रा), आदित्य युवराज (बस्तर, 12 -13वर्ष, -50किग्रा), हर्ष कुमार (बालोद, 16 – 17वर्ष, -54किग्रा), युवराज सिंह (बस्तर, 16 – 17 वर्ष, वाए क्रू इवेन्ट), विकल्प द्विवेदी (रायपुर, अंडर-23वर्ष, -81किग्रा), शुभम कुमार निषाद (रायपुर, +23वर्ष, -54 किग्रा),पारस सावरकर (रायपुर, +23वर्ष, -57किग्रा), आर्यन पटेल (रायपुर, +23वर्ष, -60किग्रा), अनुभव राय (रायपुर, +23वर्ष, -53.5किग्रा), क्वार्टर फाइनलिस्ट (कोई पदक नही), वन्दना गोयल (बस्तर), सिमरन सिंह (बालोद), वंशिका बंछोर (बस्तर), मंजू साहू (रायपुर), दीपिका कश्यप (बस्तर), शिवानी वर्मा (रायपुर), मनन जवाहर (बस्तर), कल्पेश शोरी (बस्तर), चैतन्य साहू (रायपुर), ओम कुमार नुप्पो (बस्तर), शुभम बिस्वास (रायपुर), जय कुमार (रायपुर), विद्या कुमार सोनी (रायपुर), शुभम मानिकपुरी (रायपुर), लक्ष्मीनारायण साहू (रायपुर), भावजोत सिंह कोहली (रायपुर) और विशाल हियाल (रायपुर) शामिल है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO CRI C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'हाऊ टू ट्रेन योर ड्रैगन' की धीमी शुरुआत, निराश हुए दर्शक



हॉलीवुड फिल्म 'हाऊ टू ट्रेन योर ड्रैगन' भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस हॉलीवुड फिल्म का भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन का कलेक्शन निराशाजनक रहा। कई बॉलीवुड फिल्मों के बीच इस नई हॉलीवुड फिल्म की एंट्री हुई थी। फिल्म ने पहले दिन कोई बड़ा कलेक्शन नहीं किया है।

अब तक प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'हाऊ टू ट्रेन योर ड्रैगन' ने 2.25 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला है। इसका कुल कलेक्शन भी यही है। पिछले दिनों रिलीज हुई टॉम क्रूज की हॉलीवुड फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' से इसकी तुलना करें तो यह कलेक्शन काफी कम है। टॉम क्रूज की फिल्म ने तो 16.5 करोड़ रुपये से शुरुआत की थी। इस तरह फिल्म 'हाऊ टू ट्रेन योर ड्रैगन' की शुरुआत धीमी ही कही जाएगी। एक बड़े खतरे के कारण बर्क द्वीप पर वाइकिंग्स और ड्रैगन्स दोनों ही खतरे में पड़ गए हैं। ऐसे में एक वाइकिंग इंसान और एक नाइट फ्यूरी ड्रैगन टूथलेस के बीच की दोस्ती हो जाती है। दोनों मिलकर एक नए भविष्य की नींव रखते हैं। फिल्म में ड्रैगन वाले सीन्स जरूर कमाल के नजर आ रहे हैं।

मेसन थेम्स ने इस फिल्म में लीड रोल निभाया है। वहीं जेरार्ड जेम्स बटलर, निक फ्रॉस्ट, ग्रेबिल होवेल जैसे कई नामी हॉलीवुड कलाकार भी फिल्म में नजर आए। फिल्म को डीन डेब्लोइस द्वारा निर्देशित किया गया है। यह फिल्म एनिमेटेड मूवी 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन (2010)' का लाइव-एक्शन वर्जन है। हॉलीवुड फिल्म 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' के सामने भारत में इस वक्त कुछ बॉलीवुड फिल्में मुकाबले में खड़ी हैं।

### टॉलीवुड

## टल गया कुबेर का प्री-रिलीज इवेंट, विमान हादसे के चलते लिया फैसला



साउथ स्टार धनुष और निर्देशक शेखर कम्मुला की बहुप्रतीक्षित फिल्म कुबेर का प्री-रिलीज इवेंट होने वाला था, जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट, क्रू और कई टॉलीवुड हस्तियां शामिल होने वाली थीं। लेकिन, अब खबर है कि यह इवेंट स्थगित कर दिया गया है।

निर्माताओं ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के एक हादसे में मारे गए 241 यात्रियों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। इस विमान दुर्घटना दुखद घटना के बाद निर्माताओं ने इसे आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। कुबेर के निर्माता जल्द ही नई तारीख की घोषणा की करेंगे।

कुबेरा में धनुष के अलावा नागार्जुन और रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शेखर कम्मुला के किया है। शेखर कम्मुला के निर्देशन में बनी इस फिल्म को सुनील नारंग और पी राम मोहन राव ने बनाया है। कुबेर 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का संगीत देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है।

कुबेर के अलावा धनुष ₹इटली कड़ाई₹ में नजर आएंगे। यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जिसे धनुष खुद डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ नित्या मेनन नजर आएंगी। यह फिल्म 1 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। फिल्म में धनुष और अरुण विजय मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इडली कढ़ाई का संगीत प्रसिद्ध जीवी प्रकाश कुमार ने तैयार किया है। इसके अलावा धनुष ₹तेरे इश्क में₹ में नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसकी झलक में फैंस कीर्ति सेनन को पहले ही देख चुके हैं। यह पहली बार होगा जब किसी फिल्म में धनुष के साथ कृति सेनन नजर आएंगी।

### छॉलीवुड

## म्यूज़िक डायरेक्टर्स मोनिका-तुषांत की हिंदी सिनेमा में शानदार शुरूआत



इस्पात नगरी भिलाई की प्रतिभाशाली संगीतकार जोड़ी मोनिका वर्मा और तुषांत कुमार हिंदी सिनेमा में में अपनी एक अलग पहचान बना रही है। उनकी हालिया पेशकश छत्तीसगढ़ में बनीं हिंदी फिल्म "जानकी"है, जिसका संगीत उन्होंने तैयार किया है। हालांकि यह फिल्म अपने नाम को लेकर भारतीय फिल्म प्रमाणीकरण बोर्ड की आपत्ति की वजह से रिलीज नहीं हो पाई है लेकिन फिल्म का संगीत सराहा जा रहा है। मोनिका और तुषांत ने इस फिल्म के संगीत में भावनात्मक गहराई, सांस्कृतिक समृद्धि और आत्मीयता का ऐसा मेल प्रस्तुत किया है, जो कहानी को न सिर्फ संगीतमय बनाता है, बल्कि उसकी आत्मा को भी छू जाता है। "जानकी"के लिए इनका संगीत हिंदी सिनेमा के दिग्गज गायकों कैलाश खेर, जावेद अली, शान, नकाश अज़ीज़ और देव नेगी जैसे नामचीन कलाकारों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहा है—जो इनके संगीत की गुणवत्ता और व्यापक अपील को दर्शाता है। यह पहला मौका नहीं है जब इस जोड़ी ने क्षेत्रीय सीमाओं से परे पहचान बनाई हो। इनके छत्तीसगढ़ी हिट गीत "मोहनी", जिसे ज़ी म्यूज़िक द्वारा रिलीज़ किया गया था, ने इन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि दिलाई। यह गीत सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और हिंदी सिनेमा के कई सेलिब्रिटीज को इस पर रील और डांस वीडियो बनाते हुए देखा गया।

## टीन एज फैशन





एम्सटर्डम में हाल ही में टीनएज फैशन को तरजीह मिली। खास बात यह रही कि इस फैशन शो में आरामदायक, फैशनेबल और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के एक स्वरूप के तौर पर यहां डिजाइनरों ने अपने कलेक्शन पेश किए। जाहिर है टीनएजर्स अपने कपड़ों के माध्यम से अपनी पहचान बनाते हैं और विभिन्न शैलियों के साथ प्रयोग करते हैं।

## सिलवा रही हैं पैडेड ब्लाउज तो रखें इन बातों का ध्यान, वरना बिगड़ जाएगा लुक

भारत में जब भी कोई त्योहार होता है या फिर कहीं कुछ कार्यक्रम होते हैं तो महिलाएं लहंगा या साड़ी पहनना ही पसंद करती हैं। पहले के समय में महिलाएं साड़ी और लहंगे के साथ हमेशा फुल कवरेज वाले ब्लाउज पहनना पसंद करती थीं। वो ऐसे ही ब्लाउज बनवाती थीं, जिसमें वो असहज ना हों और उनका शरीर ना दिखे पर, आज का समय बदल गया है। अब महिलाएं ट्रेंड के हिसाब से अपने लिए ब्लाउज बनवाती हैं। अभिनेत्रियों की तरह ही बैकलेस ब्लाउज हर उम्र की महिला की पसंद बन चुका है। बैकलेस ब्लाउज पहनते वक्त महिलाएं ये चाहती हैं कि उनकी अंडरगार्मेंट्स की स्ट्रैप ना दिखे। ऐसे में वो पैडेड ब्लाउज बनवाती हैं ताकि उन्हें ब्लाउज के अंदर कुछ पहनना ना पड़े। वैसे तो बाजार में कई तरीकों के पैडेड ब्लाउज मिलते हैं लेकिन अगर आप साड़ी के साथ पैडेड ब्लाउज बनवाना चाहती हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें।

### कप्स का रखें ध्यान

अगर आप टेलर से अपने लिए पैडेड ब्लाउज बनवाना चाहती हैं तो कप्स का खास ध्यान रखें। दरअसल, कप्स लगवाते वक्त उसका साइज जरूर देखें। बाजार में हर साइज के कप्स उपलब्ध होते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। अगर आप गलत साइज के कप्स ब्लाउज में लगवाएंगी तो ये आपका लुक बिगाड़ सकते हैं।



### बॉडी टाइप का रखें ध्यान

पैडेड ब्लाउज सिलवाते वक्त ट्रेंड के साथ-साथ अपने बॉडी टाइप का भी खास ध्यान रखें। अगर आप अपने शरीर के हिसाब से ब्लाउज का पैटर्न नहीं चुनेंगी तो हो सकता है कि ये आपके लुक को खूबसूरत बनाने की बजाय खराब कर दे।

### सही से करें कपड़े का चयन

पैडेड ब्लाउज बनवाते वक्त ब्लाउड के कपड़े का ध्यान जरूर रखें क्योंकि पैड लगाते इसे कई बार सिला जाता है। अगर आप महीन कपड़े का चयन करेंगी तो कई बार सिलाई के बाद ये खराब हो सकता है।

## गर्मियों की शादी में दिखें स्टाइलिश, चुनें हल्के और आरामदायक फैब्रिक वाली साड़ियां



यदि आपको गर्मी के मौसम में शादी अटैंड करनी है तो भारी साड़ियों की जगह बमारे बताए विकल्पों में से साड़ी का चयन करें। जब भी किसी के घर पर सर्दी के मौसम में शादी होती है, तो उसमें महिलाएं खूब सजती और संवरती हैं, लेकिन जब बात आती है गर्मी के मौसम में शादी अटैंड करने की तो महिलाएं सोच में पड़ जाती हैं। कंफर्ट के साथ स्टाइल को मैनेज करना काफी कठिन काम है।

इसी के चलते आपको कुछ ऐसी साड़ियों के विकल्प के बारे में जानना चाहिए जो गर्मी के मौसम में आपको परफेक्ट लुक तो देंगी हीं, साथ ही में ऐसी साड़ी आपको गर्मी से बचाकर भी रखेंगी। इस तरह की साड़ियां आपको बाजार में कम दामों में मिल जाएंगी।

### कॉटन फैब्रिक की साड़ी



गर्मी का मौसम हो तो हर आउटफिट में कॉटन फैब्रिक खूब जचता है। सूती साड़ियां काफी हल्की होती है, जिस कारण इसमें पसीना काफी आसान से सूख जाता है। तो यदि आपको पसीना काफी ज्यादा आता है तो कॉटन फैब्रिक की साड़ी को अपने लिए चुनें। शादी के हिसाब से हैवी वर्क वाली साड़ियां भी अब बाजार में बड़ी आसानी से मिल जाती हैं।

### लिनन फैब्रिक की साड़ी

ज्यादातर महिलाओं को लिनन और कॉटन में फर्क समझ नहीं आता। जबकि लिनन फैब्रिक कॉटन से हल्का होता है। ऐसे में आप इस फैब्रिक की साड़ी कैरी कर सकती हैं। लिनन फैब्रिक की साड़ी क्लासी लुक देती हैं और बहुत कम्फर्टेबल होती हैं। खासबात ये है कि ये साड़ियां हल्के रंग में होती हैं, जिस कारण गर्मी में ये आंखों को भी ठंडक पहुंचाती हैं।

### चंदेरी कॉटन फैब्रिक की साड़ियां

रेशम और कपास के मिश्रण से बना ये चंदेरी कॉटन फैब्रिक शरीर को काफी ठंडक पहुंचाता है। ऐसे में आपको यदि शादी में साड़ी ही पहननी है तो चंदेरी कॉटन की साड़ी भी आप पहन सकती हैं। इसकी खासबात ये है कि चंदेरी कॉटन फैब्रिक की साड़ियां फॉर्मल लुक देती हैं लेकिन फिर भी हल्की रहती हैं।

### शिफॉन फैब्रिक की साड़ियां

यदि ऐसी साड़ी पहनने का मन है जो एकदम हल्की और हवादार हों तो शिफॉन साड़ी से बेस्ट विकल्प आपके लिए कुछ हो नहीं सकता। शिफॉन फैब्रिक की साड़ियां काफी हल्की और फ्लोई होती हैं।

## हीरों के जेवरों के जतन से रखने आजमाएं जरूरी टिप्स, रौनक रहेगी हमेशा के लिए

ज्वेलरी पहनना हर महिला को पसंद होता है। वहीं, अगर ज्वेलरी सोना या डायमंड का हो, तो महिलाएं उसे काफी संभालकर रखना पसंद करती हैं। अगर आपको भी डायमंड की ज्वेलरी पहनना पसंद है, तो इसे खरीदने के बाद सही तरह से स्टोर करना भी आना चाहिए। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे डायमंड की ज्वेलरी को स्टोर कर सकती हैं।

### ज्वेलरी को एक साथ ना रखें

कई लोग आर्टिफिशियल और डायमंड की ज्वेलरी को एक साथ स्टोर करके रख देते हैं। अगर आप भी ऐसा करती हैं, तो आपको थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। डायमंड की ज्वेलरी भले कितनी भी महंगी क्यों ना हो, यह काफी नाजुक होता है। गलत तरीके से रखने पर यह टूट सकता है। ऐसे में इसे आपको अलग डिब्बों में रखना चाहिए।

### नाजुक ज्वेलरी को अलग रखें

कई बार डायमंड की छोटी ज्वेलरी जैसे कि



नोज पिन गुम हो जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्हें हम भारी ज्वेलरी के साथ रख देते हैं। इन छोटी चीजों को इनके डिब्बे में रखना चाहिए। ऐसे में ये सुरक्षित रहते हैं और इन पर दाग भी नहीं लगते हैं।

### भारी ज्वेलरी में होते हैं नुकसान

अगर आप भारी ज्वेलरी को मोड़कर रख देते हैं, तो ये बीच से टूट सकते हैं। चाहे ज्वेलरी कितनी भी महंगी क्यों ना हो, आपको इसे सही तरीके से ही रखना होगा। भारी ज्वेलरी को आप चाहें, तो अलग ज्वेलरी बॉक्स में रख सकती हैं। ऐसे में ये सुरक्षित रहेंगे । ज्वेलरी को खुले में रखने के बजाय अगर किसी डब्बे में बंद करके रखेंगे, तो उसकी चमक कम नहीं होगी।

## दूर कीजिए वैक्सिंग को लेकर दिमाग की उलझनें, जानिए सच्चाई

शरीर के अनचाहे बालों को हटाने के लिए पुरुष और महिलाएं वैक्सिंग का इस्तेमाल करते हैं। बहुत से लोग वैक्सिंग से डरते भी हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे बाल ज्यादा निकलते हैं। आइए आपको इसकी सच्चाई बताते हैं।

### वैक्सिंग का बालों की बनावट पर प्रभाव

यदि आप नियमित रूप से वैक्सिं करते हैं तो ये जान लें कि बालों की बनावट मुख्य रूप से जेनेटिक्स और हार्मोन्स पर निर्भर करती है। शुरुआती दिनों में दोबारा उगने बाल थोड़े से टाइट लग सकते हैं, लेकिन कुछ समय के बाद ये नॉर्मल होता जाता है।

### बालों की मोटाई पर वैक्सिंग का प्रभाव

जिस तरह से रेजर के इस्तेमाल के बाद बाल जल्दी वापस निकल आते हैं, वैसे वैक्सिंग के साथ ऐसा नहीं होता। वैक्सिंग करने के बाद बालों को दोबारा उगने में थोड़ा समय लगता है। बार-बार वैक्सिंग कराने पर फॉलिकल कमडोर पड़ जाता है,



जिस कारण समय के साथ बाल अपने-आप या तो एकदम कम हो जाते हैं, या फिर इन्हें बढ़ने में समय लगता है।

### बाल हो जाते हैं घने

बहुत से लोगों को लगता है वैक्सिंग से बाल और भी ज्यादा उगते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। बालों की संख्या और घनत्व पूरी तरह से जेनेटिक होते हैं और वैक्सिंग का इससे कोई सीधा संबंध नहीं होता।

### कार्नर न्यूज

### युवा वर्ग तेजी से आकर्षित हो रहा फैशन को अपना करियर बनाने की तरफ

## फैशन को करियर बनाने वाले युवाओं के लिए ग्लैमर और पैसा दोनों है यहां, सफलता भी अचूक

फैशन एक ऐसा फील्ड है जो युवाओं को बड़ी संख्या में आकर्षित करता है। इस फील्ड में मेहनत के साथ ग्लैमर भी जुड़ा है। नए-नए आयाम खुलने के साथ इस फील्ड में ऑप्शन्स भी काफी बढ़ गए हैं। फैशन की ग्लैमरस दुनिया ने युवा पीढ़ी को हमेशा से आकर्षित किया है। डिजाइनर कपड़ों की बढ़ती मांग के चलते फैशन इंडस्ट्री में बहुत तेजी से उछाल आया है और वक्त के साथ फैशन की दुनिया में कई नए विकल्प सामने आए हैं। आज इंडियन फैशन इंडस्ट्री ग्लोबल रूप ले चुकी है। हर महीने करोड़ों का कारोबार होता है। यहां तक कि भारत में तैयार होने वाले कपड़ों की डिमांड देश में ही नहीं, विदेशों में भी खूब है। रैंप से लेकर स्ट्रीट फैशन तक डिजाइन की कोई सीमा नहीं।



फैशन डिजाइनिंग में करियर की बहुत अच्छी संभावनाएं हैं। फैशन का मतलब सिर्फ कपडे. नहीं होते। इसके साथ जुड़ा होता है पुरा लुक यानि हेयर स्टाइल, जूते, बैग, और ऐसेसरी। अगर आप कुछ हटकर करना चाहते हैं तो आप शू डिजाइनिंग या फिर ज्वैलरी डिजाइनिंग या एसेसरी डिजाइनिंग जैसे करियर भी चुन सकते हैं। अभी भी इन फील्ड में स्किल्ड लेबर की बहुत डिमांड है।

आप फैशन मर्चेंडाइजर के रूप में फैशन डिजाइनर के साथ काम कर सकते हैं या एक्सपोर्ट हाउस के साथ जुड़ सकते हैं। डिजाइनर ड्रेसेज की बिक्री में भी हाथ आजमा सकते हैं। जैसे-जैसे आप फैशन की बारीकियों को समझते जाएंगे, और लंबा अनुभव पा लेगे तो आप लाखों रुपये भी कमा सकते हैं। फैशन डिजाइनिंग का कोर्स करने के लिए आपको 12वीं पास होना जरूरी है। इसके बाद आप फैशन डिजाइनिंग का कोर्स देश के कई नामी इंस्टिट्यूट से कर सकते हैं। आप नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नॉलजी, नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड डिवेलपमेंट इंस्टिट्यूट, JIMS, AMITY जैसे प्राइवेट इंस्टिट्यूट से भी कोर्स कर सकते हैं।